तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

12 महापौर ने किया डामरीकरण का निरीक्षण, गुणवत्ता को लेकर निर्देश



13 रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है : अशोक





## खबर संक्षेप

### कार्रवाई : गांजा तस्कर को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर श्री राम चौक हुडको भिलाई में काले रंग के बैग में गांजा रखकर बेचने की फिराक में युवक घूम रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में पुलिस को आरोपी ने अपना नाम पेपर चिल्ली बार कोहका निवासी सौरभ दीक्षित बताया है। आरोपी के पास से 2 किलो 200 ग्रामगांजा और बिक्री रकम 10 हजार 800 रुपए, एक्टिवा जब्त किया है। कुल समानों की कीमत 1.70 लाख 800 रुपये है। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है।

### देह व्यापार :दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**भिलाई।** होटल में देह व्यापार का कारोबार करने वाला संचालक और युवती को पुलिस ने पकड़ा है। दोनों को पकड़ने के लिए पुलिस ने पाइंटर भी बनाया था। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि पावर हाउस स्थित छाया इन लाज से संचालक छावनी निवासी घनेश रॉयऔर युवती सीता चौधरी को पकड़ा गया है। दोनों के पास से नगदी पांच सौ दो मोबाइल भी जब्त किया गया। होटल में लंबे समय से देह व्यापार का कारोबार चलने की शिकायत मिल रही थी। यहां दीगर राज्यों की युवतियां आकर रुकती थीं।

### अवैध शराब : 31 पाव के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 31 पाव अंग्रेजी गोवा शराब, कुल मात्रा 5.580 बल्क लीटर जब्त किया। जिसकी कीमत 3720 रुपये आंकी गई है। चौकी अंजोरा पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शीतलापारा, ग्राम समसुदा के पास से इंदिरा आवास, शीतलापार निवासी मुकेश्वर ठाकुर को गिरफ्तार किया है।

### हादसा : बेकाबू कार ने वाहनों को लिया चपेट में

**भिलाई।** बेकाबू कार के ठोकर से चार वाहन कार व दोपहिया वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक शांति पारा बस स्टैण्ड के पास सुबह करीब 11 बजे आई-20 सीजी 07 बीके 7302 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सवइस रोड पर खडे कार,बुलेट, ठेला व स्कूटी सवार को चपेट में लिया। फिलहाल घटना में किसी को चोट नहीं आई मगर वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। वाहन चालक सभी भिलाई तीन थाने पहंचे थे। कार चालक इतनी तेज में था कि हादसे के समय उसके कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन में स्कूटी सवार युवती फंस गई लेकिन कार मौके पर ही रुक गया। हादसे के समय आसपास के लोगों ने कार चालक को रोककर थेन लेकर गए।




---

**शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने टेक्निकल टीम के साथ किया स्कूलों का निरीक्षण**

# 11 सरकारी स्कूल बनेंगे स्मार्ट, हाईटेक बोर्ड, कंप्यूटर, इंटरनेट और डिजिटल कंटेंट के जरिए होगी पढ़ाई, स्क्रीन टच पैनल का होगा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

दुर्ग सहित पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई व्यवस्था हाईटेक होने जा रही है। आने वाले समय में सरकारी स्कूलों की शिक्षा गुणवत्ता प्राइवेट और महंगे स्कूलों से बेहतर होगी। इसे लेकर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट स्मार्ट स्कूल और स्मार्ट क्लास पर काम शुरू कर दिया है। पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत दुर्ग जिले के 21 सरकारी स्कूलों का चयन किया गया है, जिसमें 11 स्कूल पूरी तरह से स्मार्ट होंगे, वहीं 21 स्कूलों में स्मार्ट क्लास तैयार किया जाएगा, जो अत्याधुनिक संसाधनों से पूरी तरह से लैस रहेगा। इन स्कूलों में हाईटेक बोर्ड, कंप्यूटर, इंटरनेट एवं डिजिटल कंटेंट के जरिए पढ़ाई होगी। स्क्रीन टच पैनल, थ्रीडी सिमुवल, एनिमेटेड वीडियो के जरिए एजुकेशन दिया जाएगा। वर्चुअल क्लास की सुविधा होगी, जिससे एक्सपर्ट टीचर्स की सेवाओं का लाभ स्मार्ट स्कूल में पढ़ने वाले सभी स्टूडेंट्स को मिल सकेगा। इसे लेकर मंत्री गजेंद्र यादव ने मंगलवार को स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान तकनीकी टीम भी मौजूद थी।

### शिक्षामंत्री उरला, तितुरडीह और शक्तिनगर स्कूल पहुंचे

शिक्षामंत्री ने मंगलवार को उरला, तितुरडीह और शक्तिनगर में संचालित सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने जानकारी दी कि क्षेत्र के कुल 21 शासकीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की जा रही है, जिनमें से 11 विद्यालयों को पूर्णतः स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चे अब स्मार्ट बोर्ड, कंप्यूटर, इंटरनेट एवं डिजिटल कंटेंट के माध्यम से आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा की सरकारी विद्यालयों में डिजिटल तकनीक आधारित आधुनिक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में स्मार्ट स्कूल और स्मार्ट क्लास की पहल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं भविष्य उन्मुख शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

### सीएसआर मद से स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था बेहतर करने की तैयारी



जानकारी के मुताबिक सीएसआर मद से हाई-टेक एजुकेशन सिस्टम के माध्यम से अब शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी भी आधुनिक संसाधनों, डिजिटल कंटेंट एवं नवाचार आधारित शिक्षण प्रणाली से जुड़कर अपने सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ेंगे इससे प्रदेश के शैक्षणिक भविष्य को नई गति मिलेगी। इसके अलावा समग्र शिक्षा मिशन के माध्यम से भी स्कूलों को संवारा जाएगा। सुंदरता के साथ एजुकेशन की बेहतर व्यवस्था को लेकर काम किया जाएगा। आधुनिक डिजिटल तकनीक, जैसे स्मार्ट बोर्ड, कंप्यूटर, इंटरनेट, टैबलेट्स का उपयोग के साथ ही आधुनिक गणित लैब तैयार किए जाएंगे।

### प्रदेश के 9 हजार स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाने की कार्ययोजना

जानकारी के मुताबिक प्रदेश के 9 हजार हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में स्मार्ट क्लास बनाए जाने की तैयारी की गई है। इसे लेकर काम भी शुरू कर दिया गया है। मंत्री गजेंद्र यादव ने इसकी घोषणा की है। समग्र शिक्षा और सीएसआर से उपलब्ध होने वाली राशि इस प्रोजेक्ट पर खर्च की जाएगी। दुर्ग में हायर सेकंडरी स्कूल उरला, बघेरा, सेजेस दीपक नगर, तितुरडीह, कन्या हायर सेकंडरी स्कूल, बीआरजे कन्या स्कूल, आजाद स्कूल पंचशील नगर, महात्मा गांधी स्कूल, जेआरडी, बोरसी, सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह को स्मार्ट बनाया जाएगा। इसके अलावा हाई स्कूल सिकोलाभाठा, शक्ति नगर, प्राथमिक शाला नयापारा, तकिया पारा स्कूल, डिपरापारा, सरदार पटेल स्कूल, लालबहादुर शास्त्री स्कूल, झुग्गी पारा, पोटियाकला, बोरसीभाठा स्कूल में क्लास स्मार्ट बनाए जाएंगे।

---

**कॉलोनाइजर मनोज राजपूत पर दुर्ग निगम का शिकंजा, 10 मार्च को अगली सुनवाई**

# अवैध प्लॉटिंग पर शिकंजा... 43 टुकड़ों में जमीन बेचने वाले पर कोर्ट के आदेश से एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

अवैध प्लॉटिंग के मामले में न्यायालय के आदेश पर कॉलोनाइजर मनोज राजपूत पर अपराध दर्ज हुआ है। सीजेएम भूपेश कुमार बसंत के न्यायालय ने मामले में आरोपी मनोज राजपूत को 10 मार्च को उपस्थित होने कहा है। आरोपी मनोज लगातार न्यायालयीन प्रक्रिया से अनुपस्थित था। इस पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की है। दुर्ग निगम द्वारा यह परिवार दायर किया गया था। निगम ने कहा कि मनोज पिता जवाहर सिंह राजपूत निवासी नेहरू नगर ने ग्राम सिकोला पहनं 17 तहसील दुर्ग स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 15/9, 15/32, 1/95 व 7/4 का छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के अनुसार बिना व्यपवर्तन कराए, निगम से कॉलोनी विकास की अनुमति लिए बिना तथा टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से भूमि विकास की मंजूरी लिए बिना तथा बिना ले आउट अनुमोदन के प्लॉट काटकर बेचा। आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के लिए भूमि छोड़े बिना उपरोक्त खसरा नम्बर की भूमियो पर अभियुक्त द्वारा अवैध प्लाटिंग करते हुए भूमि को अवैध कॉलोनी निर्माण किया गया। 27 सितंबर 2023 से 21 मई 2025 तक 43 से अधिक लोगों को प्लॉट बेचा। तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया।



### मनमाने तरीके से सड़क, नाली और भवन बनाकर अवैध कॉलोनी बनाई

प्रकरण के मुताबिक आरोपी ने उक्त खसरा नंबर की भूमि पर मनमाने तरीके से बिना अनुमति के सड़क, नाली एवं भवन बनाकर अवैध कॉलोनी का निर्माण किया। प्लॉटिंग के संबंध में तहसीलदार ने नगर निगम दुर्ग को 1 दिसंबर 2025 को पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी दी। इसके बाद आयुक्त ने ग्राम सिकोला के राजस्व निरीक्षक, पटवारी, निगम के सब इंजीनियर की टीम को मौका पर भेजा। जांच कर पंचनामा तैयार किया गया। इसके बाद न्यायालय में धारा 396 सहपठित जुर्म धारा 292 (ग) छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के तहत याचिका दायर की।

### कोर्ट ने प्रथम दृष्टया आरोप को सही मानते हुए दर्ज किया अपराध

जानकारी के मुताबिक आपराधिक प्रकरण 580/ 2026 दर्ज किया गया है। प्रथम दृष्टया में उक्त अपराध सही पाया गया, जिस पर अगली सुनवाई 10 मार्च तय की गई है। मामले में नगर निगम दुर्ग की तरफ से अधिवक्ता जय प्रकाश साहू ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि कृषि भूमि पर सारे नियम-कायदों को ताक पर रखकर कॉलोनी विकसित की गई। बिना ले-आउट की स्वीकृति सड़क, नाली और भवन का निर्माण किया गया। इतना ही नहीं आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के लिए भूमि आरक्षित नहीं की गई। 43 छोटे-छोटे भूखंडों को प्लॉट बनाकर बेचा गया।

### कॉलोनाइजर एक्ट का उल्लंघन इसलिए दायर की याचिका

कॉलोनाइजर एक्ट का उल्लंघन किया गया। छोटे-छोटे टुकड़ों में प्लॉट काटकर एग्रीकल्चर की जमीन को बेचा गया। तहसीलदार से मिली जानकारी के आधार पर जांच कराई गई। इसके बाद प्रतिवेदन के आधार पर कोर्ट में याचिका दायर की गई।

**-सुमित अग्रवाल,** आयुक्त नगर निगम दुर्ग

### कोर्ट ने दर्ज किया अपराध अगले सुनवाई 10 मार्च को

कोर्ट ने मामले को संज्ञान में लेते हुए प्रथम दृष्टया आरोप को सही माना है। इसके आधार पर आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। 10 मार्च को प्रकरण में अगली सुनवाई होनी है। कोर्ट ने आरोपी को उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने कहा है। **-जय प्रकाश साहू,** अधिवक्ता ननि दुर्ग

---

# रेलवे के वॉशेबल एप्रॉन का डिस्मेंटलिंग, बैलेस्टेड ट्रैक काम के कारण 12 ट्रेनें रद्द



**20 दिन चलेगा काम, ट्रेनें की जा रही रि-शेड्यूल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नागपुर मंडल गोंदिया स्टेशन पर बने वॉशेबल एप्रन का डिस्मेंटलिंग, बैलेस्टेड ट्रैक बनाने का काम होगा। इस कारण रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द किया है। जिसमें 14 और 15 फरवरी के 12 ट्रेनें शामिल है। 14 फरवरी को झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू बिलासपुर में ही समाप्त होगी। 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू बिलासपुर से ही रवाना होगी। गोंदिया-बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी। ट्रेन 18030 और 18029 शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस 4 से 24 अप्रैल और 6 से 26 अप्रैल तक रद्द रहेगी। इसी तरह 18237 कोरबा-अमृतसर और 18238 अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस 5 से 27 अप्रैल के बीच रद्द रहेगी। 12409-12410 रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन और 12101-12102 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-शालीमार, 12807-12808 विशाखापटनम-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस भी अलग-अलग तिथियों में अप्रैल में रद्द रहेंगी। कई मेमू और डेमू पैसेंजर ट्रेनें 5 से 25 अप्रैल तक रद्द रहेंगी। 15231-15232 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को 5 से 26 अप्रैल तक दुर्ग स्टेशन तक ही चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ में 6 पैसेंजर ट्रेनें 2 दिन स्थगित है।

---

# पुलिस अधिकारी से दुर्व्यवहार करने वाले एनएसयूआई नेता के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

ट्रैफिक नियम कानून को लेकर निरीक्षक के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले में पुलिस एनएसयूआई नेता के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि दुर्ग विधानसभा अध्यक्ष वरुण केवलतानी ने ट्रैफिक निरीक्षक युवराज साहू के साथ हलमेट को लेकर दुर्व्यवहार किया था।



■ आरोपी वरुण केवलतानी

निरीक्षक को वरुण ने भेंट स्वरूप चूड़ी-साड़ी भेंट करने गया था। तब एनएसयूआई नेताओं ने निरीक्षक के साथ दुर्व्यवहार भी किया। मामले को लेकर दुर्ग कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक 23 जनवरी की सुबह शहर विधायक और प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव अपने समर्थकों के साथ बाइक पर भ्रमण पर निकले थे। तब ट्रैफिक जागरूकता सप्ताह चल रहा था। मंत्री यादव बाइक चलाते समय बिना हेलमेट के घूमते नजर आए। जिसका वीडियो मंत्री ने सोशल मीडिया में शेयर किया था। इसमें पुलिस अधिकारी से दुर्व्यवहार किया जा रहा था। आरोपी ने उन्हें चूडी और साड़ी भेंटकर करने का भी प्रयास किया था। इस मामले को लेकर शिकायत की गई। शिकायत के बाद अपराध दर्ज किया गया।

---

# महापौर को बचाने उतरी शहर सरकार, आयुक्त पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और पेवर ब्लॉक घोटाले को लेकर भाजपा पार्षदों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोप के बाद अपने मेयर को बचाने के लिए भिलाई की शहर सरकार उतरी। शहर सरकार के मंत्रियों ने प्रेस वार्ता आयोजित कर निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने उनके खिलाफ ईओडब्ल्यू की जांच की मांग तक की है।

■ पेवर ब्लॉक घोटाले में ईओडब्ल्यू से जांच कराए जाने की मांग

भिलाई नगर निगम में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक और दुर्ग जिले के भाजपा प्रभारी रामजी भारती और भाजपा पार्षदों द्वारा लगाए गए आरोपों पर कांग्रेस के पार्षदों व एमआईसी मेंबर्स ने पलटवार किया है। कांग्रेस पार्षदों और महापौर परिषद के सदस्यों ने एक संयुक्त बयान जारी कर निगम आयुक्त की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। निगम के परियोजना विभाग को लेकर उन्होंने कहा कि वो 'भ्रष्टाचार की जड़' है। कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि भाजपा जिन कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है, वे सभी परियोजना विभाग द्वारा किए गए हैं। इस विभाग का निर्माण भिलाई के निगम आयुक्त ने किया है। इसके अंतर्गत होने वाले कार्यों की स्वीकृति और भुगतान सीधे आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और उप अभियंता के हस्ताक्षर से किए जाते हैं।पेवर ब्लॉक घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांगकांग्रेस पार्षदों ने भी एक मत से पेवर ब्लॉक घोटाले की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब पेवर ब्लॉक से संबंधित अनियमितताओं का मामला सामान्य सभा में आया था, तब महापौर और भाजपा-कांग्रेस दोनों पक्षों के पार्षदों ने इसकी जांच पर सहमति जताई थी। कांग्रेस पार्षदों ने मांग की है कि केवल पेवर ब्लॉक ही नहीं, बल्कि परियोजना विभाग से जुड़े सभी कार्यों की जांच आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) जैसी निष्पक्ष संस्था से कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विषय को लेकर महापौर और महापौर परिषद के सदस्य जल्द ही नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री से मुलाकात करेंगे। वे परियोजना विभाग द्वारा किए गए कार्यों की सूची सौंपकर इसमें हो रहे भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करेंगे।



भाजपा पार्षदों ने कहा देर से जागी कांग्रेसइस पूरे मामले में भाजपा पार्षदों का कहना है कि कांग्रेस देर से जागी, लेकिन ही जागी है। पार्षद महेश वर्मा और संतोष मौर्य ने कहा कि कांग्रेस ने भाजपा के उठाए भ्रष्टाचार के मुद्दे पर समर्थन कर रही है, इससे यह पुख्ता हो गया है कि भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर हुआ है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा कि शहर सरकार के मुखिया महापौर होते हैं। उनकी मर्जी के बिना इतना बड़ा भ्रष्टाचार नहीं हो सकता है। भाजपा ने महापौर का नाम लिया तो उन्हें बचाने के लिए शहर सरकार जांच की मांग कर रही है।

---

**एसडीएम के नेतृत्व में दो डॉक्टर करेंगे मामले की जांच**

# बच्चे के हाथ में फैक्चर का गलत इलाज, सीएमएचओ डॉ. दानी ने आस्था हॉस्पिटल के खिलाफ बैठाई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

दुर्ग जिले के उतई में स्थित आस्था हॉस्पिटल में एक 9 साल के बच्चे के हाथ में फैक्चर का गलत इलाज को लेकर सीएमएचओ दुर्ग ने तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की है। एसडीएम के नेतृत्व में टीम मामले की जांच करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मनोज दानी ने बताया कि उतई निवासी राजेश कुमार बंजारे ने कलेक्टर से शिकायत की थी कि आस्था हॉस्पिटल में गलत हड्डी का इलाज करने से बच्चे का हाथ खराब हो गया है। शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। अपर कलेक्टर दुर्ग ने एसडीएम दुर्ग हरवंश मिरी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है। समिति में डॉ. जेपी मिश्रा (पैथोलॉजिस्ट) और डॉ. राजकुमार नायक (अस्थि रोग विशेषज्ञ) शामिल हैं। जांच समिति पूरे प्रकरण की जांच कर 7 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में पेश करेगी।




### क्या है पूरा मामला

26 दिसंबर 2025 को ग्राम पतोरा निवासी सलोक बंजारे (9 साल) के दाएं हाथ में दुर्घटना के कारण फ्रैक्चर आ गया था। उसे इलाज के लिए आस्था अस्पताल उतई ले गए। वहां डॉ. पवन तिवारी (बीएएमएस/एमडी, डीफार्मा) ने बच्चे का एक्स-रे कराया। इसके बाद उसने डॉ. सौरभ चंद्राकर को एक्सरे फिल्म भेजकर उनसे सलाह ली। डॉ. चंद्राकर के कहने पर डॉ. पवन तिवारी ने बच्चे के हाथ में प्लास्टर कर दिया। प्लास्टर लगने के कई दिनों बाद भी बच्चे के हाथ में दर्द, सूजन और कमजोरी बनी हुई थी। परिजन जब बच्चे को लेकर आस्था अस्पताल पहुंचे और प्लास्टर खोला गया, तो बच्चे के हाथ में कोई सुधार नजर नहीं आया। हाथ की हड्डी तिरछी दिखाई दे रही थी। इसके बाद परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग से मामले की जांच की मांग की है।



# एसआईआर में सेना के जवानों का नाम कटा, कई जगह जीवित को दिखा दिया गया मृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिले में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया बड़ी लापरवाही सामने आई है। सर्वे के कार्य में लगे बीएलओ द्वारा कार्य के दबाव के चलते कई जगह जीवित व्यक्ति को मृत बता दिया गया तो कई जगह सेना में पदस्थ और ड्यूटी पर तैनात जवानो का नाम मतदाता सूची से काट दिया गया है। इसकी शिकायत दुर्ग कलेक्टर से की गई है। जानकारी के मुताबिक रिसाली क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता कमलेश मंडलोई और कुलदीप सिंह ने अपने उच्च पदाधिकारियों के निर्देश पर मुस्लिम समाज के लगभग 40 मतदाताओं के विरुद्ध झूठी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने प्रारूप 7 भरकर नजमा खातून, मोहम्मद नवाब अहमद और जुल्फिकार को मृत घोषित कर दिया, जबकि ये तीनों व्यक्ति जीवित हैं। इतना ही नहीं अन्य 37 मतदाताओं के बारे में दावा किया कि वे अपने पते पर नहीं रहते, जबकि वास्तविकता यह है कि वे सभी अपने उसी पते पर रह रहे हैं। वहां से बीएलओ ने उनके दस्तावेज भी कलेक्ट किए थे।

**दुर्ग कलेक्टर ने सभी व स्पष्ट रूप से जानकारी जुटाकर कार्य करने के दिए निर्देश, फिर भी हो रही बड़ी लापरवाही**

### सेना की ड्यूटी पर तैनात जवान का काट दिया नाम

खुर्सीपार क्षेत्र में एक सैनिक का नाम काटने की जानकारी मिली है। आप नेता और खुर्सीपार निवासी जसप्रीत सिंह ने बताया कि उनका भाई मनप्रीत सिंह इंडियन आर्मी में पदस्थ है। इस समय वो कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवाद विरोधी सर्च ऑपरेशन में तैनात हैं। बीएलओ द्वारा उनके भाई और उसके परिवार को नोटिस भेजकर नागरिकता प्रमाणित करने के दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया को एक सैनिक का अपमान बताया है।



### आप ने कलेक्टर से जांच कर कार्रवाई करने की मांग

वार्ड 13 के निवासी और आम आदमी पार्टी के नेतसके अग्रवाल ने बताया उन्होंने अपने बच्चों के दस्तावेज जमा किया। उसके बाद भी उनके नाम से नोटिस भेज दी गई। आप नेता और वार्ड 47 निवासी मेहरबान सिंह के नाम भी नोटिस भेजी गई। नोटिस में बताया गिया कि उनके पिता होने का दावा 6 अन्य लोग भी कर रहे हैं। उन्होंने इसे आधारहीन और संदिग्ध बताया है। आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर से शिकायत कर झूठी आपत्ति दर्ज कराने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### सुयश पांडे सुप्रीम कोर्ट में उप महाधिवक्ता नियुक्त



भिलाई। अधिवक्ता सुयश पांडे को छत्तीसगढ़ शासन ने सुप्रीम कोर्ट में उप महाधिवक्ता नियुक्त किया है। वे अब सुप्रीम कोर्ट में छत्तीसगढ़ शासन का प्रतिनिधित्व करेंगे। सुयश पांडे ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग से ग्रहण की। विधि की शिक्षा हिदायतुल्लाह नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रायपुर से पूर्ण की। इसके बाद वे दिल्ली में स्थित सुप्रीम कोर्ट, उच्च न्यायालय, राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण एवं अन्य विधिक मंचों के समक्ष निरंतर विधि अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने भारत सरकार के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के साथ एसोसिएट एडवोकेट के रूप में सेवाएं दीं। वे ट्रस्ट लॉ एडवोकेट्स एंड सॉलिसिटर्स से जुड़कर वहाँ पार्टनर के रूप में कार्य कर रहे हैं। पिछले चार वर्षों से वे सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार के पैनल अधिवक्ता के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। निजी विधि अभ्यास के साथ-साथ वे शासन से जुड़ी कुछ निगमों एवं संस्थानों के लिए भी न्यायालयों में पक्ष रखते रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वे जी-20 इंडिया 2023 के अंतर्गत आयोजित वाय 20 (यूथ-20) में वाय 20 ट्रैक चेयर के रूप में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। सुयश पूर्व में रूस में आयोजित विश्व युवा सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

### मछुवारा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने शिव निषाद



दुर्ग। भाजपा मछुवारा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक शिव निषाद को बनाया गया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश भाजपा से की गई है। उनके अलावा सह संयोजक फेरहा राम धीवर, हेमलता निषाद को बनाया गया है। शिव निषाद पूर्व में भाजपा संगठन में दुर्ग ग्रामीण महामंत्री, जिला कार्यसमिति एवं पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत महमरा का दायित्व निभा चुके हैं। वर्तमान में दुर्ग जिला निषाद समाज क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में दायित्व निभा रहे हैं। निषाद समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद पारकर, मुन्नी लाल निषाद, बिरेन्द्र निषाद ने बधाई दी है।

### रामेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि 15 को

दुर्ग। मोतीपारा स्टेशन रोड लुचकी तालाब के किनारे स्थित रामेश्वर महादेव जन सेवा समिति द्वारा श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। दोपहर 2 बजे से रूद्राभिषेक एवं हवन, महाआरती व शाम 6 बजे से महाप्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। शिव सिद्धि विनायक मंदिर गणपति चौक विवेकानंद नगर में भी 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। दोपहर में रूद्राभिषेक, हवन, महाआरती व शाम को महाप्रसादी का कार्यक्रम रखा गया है।

### 31 जनवरी तक की स्थिति में संपत्तिकर 40%, जलकर 45% ही वसूल पाया निगम

# बड़े बकाएदारों पर मेहरबानी, असर : वित्तीय वर्ष के 10 महीने में सिर्फ 49 फीसदी ही टैक्स वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम का भारी भरकम राजस्व अमला टैक्स वसूली में फिसड्डी साबित हो रहा है। निगम 1 अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक यानी 10 महीनों में सिर्फ 48.78 प्रतिशत ही टैक्स की वसूली कर पाया है। खास बात यह है कि बड़े बकाएदार टैक्स देने में रूचि नहीं ले रहे हैं, इस वजह से ज्यादा दिक्कतें सामने आई हैं।

बता दें कि निगम प्रतिवर्ष 31 मार्च तक टैक्स की वसूली करता है, जिसमें बिना किसी अधिभार के साथ टैक्स जमा किया जा सकता है। इस हिसाब से अभी करीब डेढ़ महीने का समय शेष है। इसके बाद 10 प्रतिशत अधिभार वसूला जाएगा। बता दें कि पिछले वर्ष 1 अप्रैल 2024 से 31 जनवरी 2025 तक यानी पिछले वित्तीय वर्ष के 10 महीनों में 45.2 प्रतिशत टैक्स वसूली हुई थी। इस हिसाब से इस वर्ष टैक्स वसूली तीन प्रतिशत ज्यादा हुई है। निगम का दावा है कि बकाया वसूली को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इस वजह से करीब 190.917 प्रतिशत बकाया वसूली की गई है। बावजूद इसके लिए टैक्स वसूली के मामले में दिक्कत बरकरार है। साल गुजरने को है और लक्ष्य का आधा टैक्स भी वसूली नहीं हो पाया है।

### 10 मदों में 64.1% की वसूली

निगम द्वारा प्रतिवर्ष संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, दुकान का किराया, यूजर चार्ज, अन्य आय के अलावा, दुकानों का प्रीमियम, विज्ञापन होर्डिंग, पार्किंग, प्रदर्शनी, कॉलोनी अनुज्ञा से हर साल करीब 47.78 करोड़ रुपए टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा जाता है। इस बार भी इतनी ही राशि की वसूली होनी है, लेकिन 31 जनवरी की स्थिति में 30.62 करोड़ रुपए की ही वसूली हो पाई है। इस प्रकार 64.10 प्रतिशत टैक्स और अन्य शुल्क के रूप में आय हुई है। बता दें कि टैक्स वसूली के कमजोर होने का सीधा असर निगम के विकास कार्यों पर पड़ता है। शासन पर निर्भरता बढ़ती है। वर्तमान में निगम की आर्थिक स्थिति पहले ही खराब चल रही है।

### पिछले साल से करीब 4 करोड़ का संपत्ति कर बढ़ा

जानकारी के मुताबिक निगम ने वर्ष 2024-25 में संपत्तिकर का लक्ष्य 10.67 करोड़ रुपए रखा था। वर्ष 2025-26 में यह लक्ष्य बढ़ाकर 14.42 करोड़ रुपए किया गया है। इसी प्रकार समेकित कर, जलकर, यूजर चार्ज और समेकित कर में बढ़ोत्तरी की गई है। बावजूद इसके लक्ष्य के अनुरूप टैक्स की वसूली नहीं हो पा रही है। संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, दुकान किराया, यूजर चार्ज, अन्य आय से 2024-25 में 25.49 करोड़ का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन वसूली 11.52 करोड़ रुपए ही हो पाई थी। इसी प्रकार इस वर्ष 35.81 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन 31 जनवरी की स्थिति में 17.46 करोड़ रुपए ही टैक्स वसूला जा सका है।



## बड़े बकायेदारों पर निगम का शिकंजा, पांच नल कनेक्शन कटे

इधर आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर नगर पालिक निगम दुर्ग का राजस्व विभाग बड़े बकायेदारों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के पूर्व शत-प्रतिशत राजस्व वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने निगम पूर्ण रूप से सक्रिय है। बकाया टैक्स पर सख्ती, पांच नल कनेक्शन किए गए विच्छेद राजस्व विभाग अमले द्वारा आज बकाया कर नहीं चुकाने वाले बड़े बकायेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पांच नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। निगम ने स्पष्ट किया है कि बकाया कर जमा नहीं करने की स्थिति में आगे भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। निगम ने अमरीका बाई केलाबाड़ी, पुष्पा यादव पदमनाभपुर, हरक राम नेताम पद्मनाभपुर, ईश्वर सिंह सिविल लाइन रायपुर नाका, ज्ञानचंद रायपुर नाका के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बता दें कि पिछले कुछ समय से निगम टैक्स वसूली बढ़ाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान पुराने बकाएदारों को नोटिस भेजा जा रहा है। इसके बाद भी टैक्स जमा नहीं करने वालों के घर और दुकानों में पहुंचकर नल कनेक्शन काटे जा रहे हैं। साथ ही कानूनी कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है। निगम 31 मार्च तक शतप्रतिशत टैक्स वसूली का प्रयास कर रहा है।

## महापौर ने किया डामरीकरण का निरीक्षण, गुणवत्ता को लेकर निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वार्ड 43 आदर्श नगर में 29 लाख की लागत से डामरीकरण किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार ने कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कार्य एजेंसी को कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया। डामरीकरण के बाद लोगों को गड्ढे वाली सड़क से मुक्ति मिलेगी। आर्दश नगर गार्डन से लेकर चौक तक लागत 29 लाख से डामरीकरण कार्य किया जाएगा। आर्दश नगर क्षेत्र के पार्षद दीपक साहू और रहवासियों ने लंबे समय से सड़क के डामरीकरण की मांग कर रहे थे। डामरीकरण शुरू होने पर लोगों ने राहत महसूस की और महापौर अलका बाघमार का आभार व्यक्त किया। महापौर ने आदर्श नगर कालोनीवासियों से चर्चा के दौरान समस्या बताई। महापौर ने आश्वस्त किया कि नगर के समग्र विकास के लिए निगम प्रतिबद्ध है तथा सभी वार्डों में चरणबद्ध रूप से आवश्यक निर्माण एवं विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कार्य एजेंसी को कहा कि डामरीकरण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके। इस दौरान एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, निलेश अग्रवाल, पार्षद दीपक साहू, संजय डहरवाल, उप अभिंयता उमयंती ठाकुर आदि मौजूद रहे।

■ महापौर अलका बाघमार ने किया भूमिपूजन

### एसआईआर का सत्यापन 13 तक

दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और सर्वोच्च न्यायालय के 29 जनवरी 2026 के आदेश के परिपालन में दुर्ग जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार जिन मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में आए हैं, वे 13 फरवरी 2026 तक अपना सत्यापन अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। मतदाता सूची प्रदर्शित होने की तिथि से 10 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियां या दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

# जर्जर वॉम्बे आवास में हादसे का खतरा भगवान भरोसे नागरिकों की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



वॉम्बे आवास की बदहाल व्यवस्थाओं से परेशान रहवासियों के बुलावे पर सोमवार सुबह पूर्व विधायक अरुण वोरा ने परिसर का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान रहवासियों ने आवास की गंभीर समस्याओं से अवगत कराते हुए जिला व निगम प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया।रहवासियों ने अरुण वोरा को बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। चारों ओर फैली गंदगी, भरे हुए सेप्टिक टैंक और जाम नालियों के कारण संक्रमण का खतरा बना हुआ है। कई मकान जर्जर हालत में हैं, जिससे लोग भय के साए में रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्थिति पर चिंता जताते हुए अरुण वोरा ने कहा कि वॉम्बे आवास की हालत बेहद गंभीर है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने जिला प्रशासन और निगम की संयुक्त टीम को तत्काल मौके पर भेजकर व्यापक सफाई एवं सुधार अभियान चलाने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि दुर्ग शहर के उन सभी वार्डों, जहां आर्थिक रूप से कमजोर परिवार निवास करते हैं विशेषकर पटरीपार क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाना आवश्यक है। प्रधानमंत्री आवास कॉलोनियों की हालत पर भी चिंता जताते हुए अरुण वोरा ने कहा कि चाहे वॉम्बे आवास हो या प्रधानमंत्री आवास दोनों जगहों की स्थिति बेहद गंभीर है और इन्हें प्रशासन व निगम प्रशासन की तत्काल और आपात ध्यान की आवश्यकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई तो यहां रहने वाले लोग कभी भी किसी बड़े हादसे का शिकार हो सकते हैं। वोरा के अनुसार जर्जर मकानों और बदहाल व्यवस्थाओं के कारण रहवासी रोजाना डर के साए में जीवन जीने को मजबूर हैं और उनका जीवन लगातार असुरक्षा और भय से घिरा हुआ है।

■ हालात देखने पहुंचे पूर्व विधायक अरुण वोरा ने की कार्यवाही की मांग

### आवास के लिए 325 अपात्र हितग्राहियों को 13 तक आपत्ति का मौका

दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत दुर्ग जिले में अपात्र पाए गए हितग्राहियों की सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत दुर्ग जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की स्थायी प्रतीक्षा सूची के 82, आवास प्लस सूची के 108 तथा मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की सूची के 135, इस प्रकार कुल 325 अपात्र हितग्राहियों की सूची तैयार की गई है। संबंधित ग्रामसभा एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन के उपरांत जिला स्तरीय अपीलीय समिति से अनुमोदन प्राप्त करते हुए उक्त सूची को दावा-आपत्ति हेतु प्रकाशित किया गया है। प्रकाशित सूची का अवलोकन दुर्ग जिले की सभी ग्राम पंचायत भवनों, जिला दुर्ग की आधिकारिक वेबसाइट तथा जिला पंचायत दुर्ग की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा सकता है। दावा-आपत्ति जिला पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शाखा में 13 फरवरी की शाम साढ़े 5 बजे तक ली जाएगी।

# पानठेलों और किराना दुकानों में बिक रहा प्रतिबंधित गुटखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में बिछले लंबे समय से प्रतिबंधित गुटखे की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। लगातार जांच और कार्रवाई के बाद भी बाजार में नशे का यह सामान आसानी से उपलब्ध है। इसे देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गुटखा और तंबाकू उत्पादों की बिक्री, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध जांच शुरू की है।

टीम ने पाटन में स्कूलों के आसपास पान ठेलों में छापा मारा। निरीक्षण किसी भी दुकान में जर्दायुक्त गुटखा नहीं पाया गया। अधिकारियों ने



**प्रशासन ने शुरू की जांच**

बताया कि गुटखा एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियां एवं अन्य गंभीर रोग होने की आशंका अत्यधिक बढ़ जाती है। इन्हीं कारणों से राज्य में गुटखा एवं तंबाकू युक्त उत्पादों के विक्रय एवं भंडारण पर प्रतिबंध लगाया गया है। अभियान के अंतर्गत दुकानदारों, उपभोक्ताओं एवं आम नागरिकों को प्रतिबंध से संबंधित नियमों की जानकारी दी जा रही है। तंबाकू मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## त्र्यम्बक राव साटकर अम्बर की किताबों का डॉ. रमन सिंह ने किया विमोचन



भिलाई। छत्तीसगढ़ के साहित्यकार त्र्यम्बक राव साटकर की लिखी किताब देश के पंत प्रधान, प्रधानसेवक के लिए देश सेवा से ओतप्रोत कविताओं का काव्यमय सम्मान भारत का सच्चा सपूत और दूसरी किताब भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के व्यक्तित्व पर कविताओं का संग्रह काव्य पुष्पांजलि महान डॉक्टर अब्दुल कलाम का विमोचन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने किया। डॉ. रमन सिंह ने इन किताबों को विधानसभा की लाइब्रेरी में सहेजकर रखने का आश्वासन दिया। विमोचन में देश के राष्ट्रीय स्तर के राष्ट्रपति एवार्डेड पत्रकार डॉ. प्रशांत कानस्कर भी उपस्थित थे। साथ में वरिष्ठ समाजसेवी शंकर राव सावरकर भी विमोचन के साक्षी रहे। मात्र 18 दिन में लिखी गई पहली किताब भारत का सच्चा सपूत जो भारत के पंत प्रधान, प्रधानसेवक प्रधानमंत्री के रूप में एक सच्चा सपूत, जो देश को सम्हालता है। संवारता है विश्व का सिरमौर बनाने की कोशिश करता है पर आधारित, देश की सेवा के लिए समर्पित उनके काव्यमय सम्मान की 51 कविताएं हैं।




**प्रदर्शन** 15 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# शहर में व्याप्त समस्याओं को लेकर हिंदी भवन के सामने एकदिवसीय धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मंगलवार को एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने जिले में व्याप्त विभिन्न जन समस्याओं के समाधान के लिए हिंदी भवन के सामने दोपहर 1 बजे प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि आम जनता को बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है। इस दौरान 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया। इसमें कचरा निपटान की समुचित व्यवस्था, धमधा नाका के पास से एसएलआरएम सेंटर शिफ्ट करने, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने, सड़कों की मरम्मत, आवारा पशु एवं आवारा कुत्तों की समुचित व्यवस्था, सड़कों पर पर्याप्त रोशनी, जिला अस्पताल की व्यवस्था, बिजली हाफ योजना के तहत 400 यूनिट तक किए जाने, आवास के लिए शिविर, सिटी बस सेवा शुरू करने, निराश्रित पेंशन, विधवा पेंशन और परित्यक्ता पेंशन सभी पात्र महिलाओं को पेंशन, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल, रायपुर नाका अंडरब्रिज में मरम्मत किए जाने जैसी मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में आत्मा राम साहू, प्रवीण शर्मा, शुभम पांडे, पद्मा पाटिल, मेनका निषाद, प्रवीण शर्मा, अनिता साहू, देवेंद्र पाटिल, पूजा सागर, सुनीता, शुभम पांडे, आकाश सोनी, तिरिथ साहू, दीपा कौशल सहित अन्य शामिल थे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### श्री राम कथा सांस्कृतिक चेतना की आधारशिला

**सेलूद।** ग्राम ढौर में आयोजित संगीतमयी श्री राम कथा के पावन अवसर पर जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीराम के चित्र के समक्ष विधिवत दीप प्रज्वलन कर कथा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक समिति द्वारा जनपद अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक का आत्मीय स्वागत-सम्मान किया गया।

### मुख्यमंत्री साय से मिले कार्यकर्ता



**अंडा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से दुर्ग विधायक ललित चंद्राकर के निवास पर भाजपा पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट एवं मुलाकात की। इस अवसर पर अंडा-निकुम मंडल के मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, अंजोरा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा तथा अंडा-निकुम मंडल के महामंत्री डिलेश गब्बर साहू उपस्थित रहे।

### दर्जनभर गांवों में खुल चुके हैं ईंट भट्ठे

# कानून को ताक पर रख बेखौफ चल रहा खेतों में अवैध ईंट भट्ठे का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठों के अवैध कारोबार का गढ़ बनता जा रहा है। दुर्ग जिले के हाई-प्रोफाइल पाटन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस इलाके में नियम-कानून को ताक पर रखकर दर्जनों गांवों में बिना किसी वैध अनुमति के ईंटों का निर्माण धड़ल्ले से जारी है। निपानी, चुलगहन, केसरा, बोरेदा, खुडमड़ी कोही , पाटन अखर नकट्ट तालाब, सोनपुर, सिपकोन्हा, तरीघाट, पंदार सहित किनारे बसे दर्जनभर गांवों में अवैध भट्ठों की चिमनियां दिन-रात धुआं उगल रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंख मूंदे बैठे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि इन अवैध भट्ठों के लिए बड़े पैमाने पर खेतों की उपजाऊ मिट्टी की खुदाई की जा रही है। इससे न केवल कृषि भूमि बंजर होने की कगार पर पहुंच गई है, बल्कि किसानों की आजीविका पर भी सीधा असर पड़ रहा है। तालाबों, नदी किनारों और निजी जमीन से बिना रॉयल्टी चुकाए मिट्टी निकाली जा रही है, जो सीधे-सीधे शासन को लाखों रुपये के राजस्व नुकसान की ओर इशारा करता है। ईंट पकाने के लिए भट्ठों में भारी मात्रा में लकड़ी और कोयले का उपयोग किया जा रहा है। इससे निकलने वाला जहरीला धुआं आसपास की बस्तियों, फसलों और आमजन के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन उनकी शिकायतों को अब तक अनसुना किया गया है।

**राजस्व, खनिज और प्रदूषण नियंत्रण विभाग की कोई कार्रवाई नहीं**



### नियमों की खुलेआम धज्जियां

नियमों के अनुसार किसी भी ईंट भट्ठे के संचालन के लिए खनिज विभाग, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल और संबंधित ग्राम पंचायत से अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके अलावा भू-जल दोहन, प्रदूषण नियंत्रण और श्रमिक सुरक्षा से जुड़े सख्त प्रावधान भी हैं। लेकिन पाटन क्षेत्र में संचालित अधिकांश भट्ठे इन सभी नियमों की खुलेआम अवहेलना कर रहे हैं। भट्ठों में भारी मात्रा में भू-जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है, जिससे आसपास के गांवों में जलस्तर तेजी से गिर रहा है। आने वाले समय में पेयजल संकट गहराने की आशंका से ग्रामीण चिंतित हैं। वहीं, भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों के लिए न तो किसी तरह के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हैं और न ही उनके स्वास्थ्य परीक्षण की कोई व्यवस्था है। खुले आसमान के नीचे, धुएं और गर्मी के बीच मजदूरों से अमानवीय परिस्थितियों में काम लिया जा रहा है।

### प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ये अवैध भट्ठे मुख्य मार्गों से सटे गांवों में खुलेआम संचालित हो रहे हैं। भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कें जर्जर हो रही हैं, धूल और धुएं से लोगों का जीना दूभर हो गया है, फिर भी राजस्व, खनिज और प्रदूषण नियंत्रण विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। ग्रामीणों का आरोप है कि रसूखदार लोगों के संरक्षण में यह अवैध कारोबार लंबे समय से फल-फूल रहा है। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होना प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े करता है। एक ग्रामीण ने कहा, दिन-रात धुएं की वजह से सांस लेना मुश्किल हो गया है। खेत खराब हो रहे हैं, सड़कें टूट रही हैं, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इन अवैध ईंट भट्ठों पर सख्त कार्रवाई करेगा, या फिर रसूख और लापरवाही के साए में यह अवैध कारोबार यूं ही बेखौफ चलता रहेगा। पाटन और रानीतराई क्षेत्र के लोग जवाब और न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### दिए हैं जांच के निर्देश

“ शिकायत मिली है ग्राम कोही के स्कूल के पास अवैध ईट भट्ठों संचालित हो रही है तहसीलदार जॉच के निर्देश दिए गए हैं। आस पास से कोई शिकायत अभी नही आई है, शिकायत मिलने पर सभी ईट भट्ठों पर कार्वाई की जाएगी।

**लवकेश कुमार ध्रुव,**
एसडीएम पाटन

# रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है : अशोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

जनजागरण मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासी पाहंदा (झा) के सहयोग से दो दिवसीय रामचरित मानसगान सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक, पाटन के प्रतिनिधि अशोक साहू पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दुर्ग थे। विशिष्ट अतिथि राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, रूपेन्द्र शुक्ला सरपंच ग्रा. पं. जामगांव आर, छोटू बघेल मंडल अध्यक्ष, सोहन जोशी मंडल अध्यक्ष, भेदप्रकाश वर्मा जनपद प्रतिनिधि, दिनेश ठाकुर सरपंच पाहन्दा, दुर्गा यदु उप सरपंच, टेकेन्द्र ठाकुर प्रधानपाठक, एसडी मानिकपुरी, केएल बिजौरा, जीएल यादव, बाला राम यादव, योग्य कुमार बघेल विधायक प्रतिनिधि, शंकर वर्मा सेक्टर प्रभारी ने सिया रामचंद्र, हनुमान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली, समरसता की मंगलकामना किए।

**■ पाहंदा झा में रामचरित मानस सम्मेलन संपन्न**

मुख्य अतिथि जिपं दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि रामायण जीवन जीने की कला हम सबको सिखाती है। युवा पीढ़ी को रामचरित ग्रन्थ का अध्ययन करते हुए धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभानी चाहिए। आयोजक समिति के पदाधिकारियों के द्वारा विकास कार्यों की मांग प्रस्तुत किया गया है।

इस अवसर पर जितेंद्र यदु, विक्रम यादव, सुरेश वर्मा, हरेंद्र यादव, लोकेश वर्मा, टेकेश्वर यदु, बरन सिंह ठाकुर, गीता वर्मा, उमाशंकर शुक्ला, दुष्यंत वर्मा, बुद्धेश्वर परासर, राकेश यदु, कृष्ण कुमार वर्मा, लखन यादव,भारत विशाल वर्मा, कल्याण भारती, पवन बंछोर, दुलार ठाकुर, मन्नू वर्मा, ईश्वरी वर्मा, अश्वनी यादव, मोंटू खान, आशीष यादव, युगल किशोर साहू समस्त पंचगण, आयोजक समिति एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# धीवर समाज भवन पाटन में किचन शेड निर्माण का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

धीवर (ढीमर) समाज पाटन राज के समाज भवन में किचन शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने अपनी अध्यक्ष निधि से इसके लिए 3 लाख की राशि स्वीकृत की थी। ठाकुराइन टोला, पाटन में आयोजित धीवर समाज की वार्षिक आमसभा एवं आदर्श विवाह कार्यक्रम के अवसर पर किचन शेड निर्माण कार्य का भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने विधिवत भूमिपूजन किया।

भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि समाज भवनों का सुदृढ़ीकरण सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती देता है। नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले द्वारा धीवर समाज की मांग पर त्वरित निर्णय लेकर निधि स्वीकृत करना सराहनीय पहल है। ऐसे कार्य समाज के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं। किचन शेड निर्माण से समाज के सामूहिक आयोजनों, विवाह कार्यक्रमों एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा मिलेगी।

नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने कहा कि नगर पंचायत पाटन समाज के हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। धीवर समाज द्वारा रखी गई मांग को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष निधि से किचन शेड निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई है। यह भवन समाज के आयोजनों को और अधिक व्यवस्थित व सुविधाजनक बनाएगा।

इस अवसर पर केवल देवांगन पार्षद एवं प्रभारी, लोक निर्माण विभाग पाटन, टेमन लाल सपहा अध्यक्ष, धीवर समाज पाटन राज, सरपंच गीतेश्वरी अतीस सपहा सहित पंचगण एवं समाज के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मानस गान के पुरुष वर्ष में रिसामा और महिला वर्ग में बोरेंदा की मंडली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

ग्राम छाटा में 7 एवं 8 फरवरी को दो दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन ज्ञान सरोवर मानस मंडली के तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में आसपास के जिलों से आई मानस मंडलियों ने सुमधुर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण किया गया। इसके पश्चात रात्रि में चिन्हारी छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति हुई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। पुरुष वर्ग के पुरस्कार विजेता में प्रथम पुरस्कार समर्पण ज्ञान गंगा मानस मंडली रिसामा, द्वितीय हरिओम मानस मंडली धर्मी गुण्डरदेही, तृतीय माधुर्य मानस परिवार बड़े टेमरी, चतुर्थ शिवशक्ति मानस परिवार खम्हरिया (भखारा), पंचम संगीत मानस मंडली निपानी, षष्ठम रघुवर मानस परिवार चर्रा (कुरुद) रहे। वहीं महिला वर्ग के पुरस्कार विजेता प्रथम पुरस्कार तुलसी के संदेश संपूर्ण महिला मानस मंडली बोरेंदा, द्वितीय पुष्पांजली महिला मानस मंडली दर्रीपार भखारा, तृतीय दीप ज्योति बानिया मानस मंडली धनोरा, चतुर्थ ममता महिला मानस मंडली अरोद, पंचम पुरस्कार प्रतिभा महिला मानस मंडली, हाड़ादुला चारामा रही। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से धार्मिक, सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा मिलता है।

**■ छाटा में मानस गान प्रतियोगिता आयोजित**



# पाटन के विकास को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर से कीर्ति ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद



जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र में विकास कार्यों और महिला एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं को लेकर जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर से महत्वपूर्ण एवं सार्थक चर्चा की।

इस अवसर पर जिला कार्यालय दुर्ग में केंद्रीय बजट संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट, महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण तथा ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम के समापन पश्चात जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक मंत्री के साथ दुर्ग स्थित सर्किट हाउस पहुंचीं। इसके पश्चात वे मंत्री के साथ वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के कार्यालय भी गईं, जहां पाटन जनपद की विकास आवश्यकताओं, प्रस्तावित कार्यों एवं केंद्र स्थानीय समन्वय को लेकर सकारात्मक और उद्देश्यपूर्ण चर्चा की गई। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक को अपने कार्यालय आने के लिए आमंत्रित किया, ताकि पाटन जनपद से संबंधित विकास प्रस्तावों पर आगे ठोस एवं त्वरित कार्यवाही की जा सके। साथ ही 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना के अनुरूप केंद्र सरकार और जनपद पंचायत के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर भी सहमति बनी।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, अलका बाघमार, मनोज तिवारी सहित भाजपा के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि पाटन जनपद क्षेत्र का समग्र विकास, महिलाओं एवं बच्चों का सशक्तिकरण तथा केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।




# राधना पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**भिलाई।** राधना पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा मगध तैलिक भवन वैशाली नगर भिलाई मे 24वां वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय थे। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भोजराज सिन्हा नेता प्रतिपक्ष नगर निगम भिलाई, वुधन सिंह ठाकुर श्री राम जन्मोत्सव समिति प्रांतीय महामंत्री, दिक्षा नागदेवे मेश्राम सोनू सूद चेरिटि हेड छत्तीसगढ़, गुलाब सिह प्रबंधक प्रकाश पब्लिक स्कूल, वार्ड पार्षद विनोद चेलक विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोविंद कुमार वर्मा एवं संरक्षक अरविंद कुमार वर्मा उपस्थित थे। बच्चों द्वारा माता सरस्वती की वंदना की गई। पूजा वर्मा एवं पूनम तिवारी उप प्राचार्य के संचालन मे अतिथियों का स्वागत समिति के सचिव वंदना वर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्य राधना देवी वर्मा एवं अनिता वर्मा प्राचार्य हिंदी माध्यम, सुलोचना पटेल प्राचार्य अंग्रेजी -माध्यम, खुशप्रीत कौर उप प्राचार्य, मनीषा वर्मा हेड आफ कामर्स, नीरा साहू हेड इंचार्ज अंग्रेजी माध्यम तथा रेवती साहू हेड इंचार्ज हिंदी माध्यम द्वारा किया गया। गोविंद कुमार वर्मा द्वारा विधालय का वार्षिक प्रतिवेदन किया गया। छात्रों द्वारा समूह गीत, समूह नृत्य गणेश वंदना, छत्तीसगढ़ी मराठी, तेलगु, पंजाबी, राजस्थानी, एवं छत्तीसगढ़ी बारहमासी नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । शैक्षणिक एवं सह पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारती साहू, किरण चौधरी, अंजू साव, दीपिका वर्मा, ववीता वर्मा, प्रताप वर्मा, सचिन वर्मा, ममता प्रसाद, लेखिन देवांगन, सलमा परवीन, स्वाती वर्मा, संगीता, मुस्कान केशरवानी, प्रमिला साहू, प्रिती साहू, मुस्कान साव, सेजल शर्मा, शवाना वानो, ईशा यादव, साक्षी पटेल, मिनाज आदि ने योगदान दिया।

# आतिफ को मिला गोल्ड मेडल



**भिलाई।** हिंदी विकास संस्थान दिल्ली द्वारा अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2025 का आयोजन किया गया। इसमें मोहम्मद आतिफ को राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान में गोल्ड मेडल से त्रिमूर्ति भवन प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। मोहम्मद आतिफ छत्तीसगढ़ राज्य के इकलौते ऐसे छात्र हैं जो जिन्हें सम्मानित किया गया। आतिफ ने अपनी सफलता का श्रेय मैं अपने माता-पिता, हिंदी टीचर संगीता श्रीवास्तव, निशा, अमित और अपने ट्यूशन टीचर समीन खान को दिया है। बता दें कि मोहम्मद आतिफ डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर-2 में छठवीं कक्षा का छात्र है।

# राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**पाटन।** ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने तथा युवाओं में अनुशासन, एकता और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से ग्राम बोरेन्दा में राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एक लाख रूपए निर्धारित किया गया है, जिससे खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राकेश ठाकुर,जिलाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण ने कहा कि- खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी



निर्माण होता है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, राजेश ठाकुर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, दिनेश साहू, डॉ. ईश्वर निषाद सरपंच केसरा, कामेश कश्यप सरपंच बोरेन्दा ने भी अपने विचार साझा किए।

### दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता 13 से

**अंडा।** ग्राम सिलौदा में न्यू उत्साही मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 13 एवं 14 फरवरी को किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि आर. एस. पांडे, मैनेजर रायपुर पावर एंड स्टील लिमिटेड बोर्ड रमसड़ा होंगे। अध्यक्षता अनुसुइया नारायण साहू, सरपंच खपरी सिलौदा करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में रामायण सिंह पंवार (अध्यक्ष ग्राम विकास समिति सिलौदा), नंदकुमार साहू (जनपद सदस्य), प्रदीप धुर्वे (प्रोप्राइटर कुमार अंडरटेकिंग बोर्ड रमसदा), उदय दत्ता, बालकिशन निषाद (सरपंच प्रतिनिधि रमसदा) एवं बसंत निषाद (सिलौदा) शामिल रहेंगे। समापन समारोह में 14 फरवरी को मुख्य अतिथि कमलेश पंवार, मैनेजर टॉपवर्थ एंड स्टील लिमिटेड बोर्ड रमसड़ा होंगे।

### राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान जारी

# कार्यशाला में पंचों ने पढ़ा ग्राम विकास का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत विकास खंड के ग्राम पंचायतों में निर्वाचित पंचों के लिए जनपद पंचायत के सभा कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 5 फरवरी से 13 फरवरी तक जारी है। प्रशिक्षण का उद्देश्य पंचों को उनके दायित्व अधिकारों तथा पंचायत व्यवस्था की कार्यप्रणाली से अवगत कराना है।

पंचों का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम ए.एफ.सी .इंडिया लिमिटेड के माध्यम से मास्टर ट्रेनर श्रीमति मंजू मिश्रा दे रही हैं। निर्वाचित पंचों को पंचायत राज व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। उन्हें पंचायत के कार्य



जिम्मेदारियां अधिकारों के साथ-साथ ग्राम विकास में उनकी भूमिका को समझाया गया। ताकि वे अपने कर्तव्यों का बेहतर ढंग से निर्वाण कर सके। पंचायत को आर्थिक सामाजिक और प्रशासनिक रूप से सुदृढ़ बनाने के उपायों पर भी चर्चा की गई प्रशिक्षण के दौरान पंचायती राज व्यवस्था और पंचायत स्तर की योजनाओं पर सकारात्मक जानकारी दी जा रही है।

# गायत्री महायज्ञ में पार्थिव शिवलिंग पूजा का संकल्प लिया ग्रामीणों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

बासीन बटरेल जामगांव आर में कथा वाचक पंडित चेलादास वैष्णव ने अपनी टोली के साथ पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संगीतमय प्रवचन किया। यहां शिव महापुराण की कथा का समापन सोमवार 9 फरवरी को संपन्न हुआ। नारद देव साहू के प्रयास से सुबह पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ शाम को शिव महापुराण कथा के माध्यम से शिव जी की महिमा पर व्याख्यान हुआ। भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग पूजा का संकल्प लिया। इस महायज्ञ में हेमेंद्र सेंगर, सोमनाथ साहू, लोमेश चंद्राकर, सुरेंद्र चंद्राकर, मोती राम साहू, अश्वनी पांडे, गजपाल साहू, विमल साहू, देवेन्द्र साहू, नरेन्द्र साहू, रेवाराम साहू, पवन यादव, राकेश कश्यप, देवकुमार साहू, मलेश कुमार साहू, बलराम साहू, चेतन साहू, सीताराम साहू, रामनाथ यादव, भारत



पटेल, उमेश कुमार यादव, गोरेलाल यादव, थानसिंह देवांगन, मनसुखा साहू कुथरेल, मोहन लाल साहू, कुंवर लाल साहू, पंचराम साहू, लतेल मार्कण्डेय, मनोहर साहू, छोटू देशलहरे, खिलेश्वर साहू, मदनलाल साहू, घनश्याम साहू, पूनमचन्द साहू, मन्नू यादव एवं बहनों में भारती साहू, फूलबाई साहू, त्रिवेणी डहरे, केशरी कश्यप, बिंदु , माहेश्वरी साहू, रूखमणि चंद्राकर, द्रौपदी यादव आदि उपस्थित थे।

# राइजिंग पाइप लाइन संधारण कार्य शुरू, पानी टंकियां निर्माण भी जल्द होंगे पूरे

## गर्मी के दिनों में पानी संकट को देखते हुए भिलाई निगम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

गर्मी के दिनों में भिलाई शहरवासियों को पर्याप्त पेयजल मिले इसके लिए निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। पानी टंकियों को जल्द ही पूरा करवाया जा रहा है। राइजिंग पाईप लाइन का संधारण भी शुरू किया गया है ताकि लिकेज की समस्या से न जूझना पड़े। नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत राइजिंग पाईप लाइन संधारण, नवीन सीमेंटीकरण रोड सहित निर्माणाधीन पानी की टंकी का सघन निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निर्माण एवं संधारण से संबंधित कार्यो को जल्द पूर्ण कराने अधिकारियों को निर्देशित किये है।



### शास्त्री नगर में राइजिंग पाइप लाइन संधारण शुरू

वैशाली नगर अंतर्गत शास्त्री नगर में राइजिंग पाईप लाईन लिकेज का संधारण कार्य प्रगति पर है, जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। नागरिको को जल्द पेयजल आपूर्ति हो, इस हेतु संधारण कार्य शीघ्र कराने निर्देशित किए। बी.एम.शाह अस्पताल के बगल में नागरिकों की सुविधा हेतु नवीन सीमेंटीकरण रोड का निर्माण किया गया है। नागरिकों के आवागमन की समस्या को देखते हुए इस रोड का निर्माण किया गया है। रोड में अव्यवस्थित ब्रेकर बनाया गया है, जिसे तत्काल हटाने कहा गया है। रोड निर्माण पश्चात स्थानीय नागरिक द्वारा अपने घर के सामने रेलिंग लगाकर घेरा किया गया है। सड़क बाधा को देखते हुए 2 हजार की चालानी कार्यवाही करते हुए तत्काल घेरा हटाने के निर्देश दिये है।

### रामनगर पानी टंकी का निरीक्षण

आयुक्त पांडेय ने रामनगर आजाद चौक दशहरा मैदान में निर्माणाधीन पानी टंकी का अवलोकन किया। निर्माणकर्ता एजेंसी को कार्य जल्द ही पूर्ण कराने निर्देशित किये है। इस टंकी के निर्माण से हजारों परिवारों को पर्याप्त पेयजल की सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंसः 1.43 लाख का संपत्तिकर वसूला

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-2 वैशाली नगर में बकाया संपत्तिकर की वसूली के लिए कुर्की दल ने कार्रवाई तेज कर दी है। टीम डोर-टू-डोर जाकर बकायादारों से संपर्क कर मौके पर ही राशि जमा कराने समझाइश दी जा रही है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सोमवार को चार बकायादारों ने बकाया कर की राशि के चेक निगम को दिए थे, लेकिन बैंक में जमा करने के बाद ये चेक बाउंस हो गए। इसके बाद कुर्की दल ने संबंधित लोगों से दोबारा संपर्क किया। तीन बकायादारों ने तत्काल भुगतान कर दिया। दामोदर जांगड़े ने 17, 783 रुपए, शांति देवी मौर्या ने 64538 रुपए और एनडी डे ने 22 हजार रुपए निगम कोष में जमा कराए। इस तरह करीब 1.04 लाख की वसूली की गई। वहीं एक अन्य बकायादार ने 15 फरवरी तक पूरी राशि जमा करने की सहमति दी है।

### मानसगान सम्मेलन 14 से

अंडा। श्री विश्वरूप नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी की ओर से दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन 14 एवं 15 फरवरी को आयोजित है। सुबह 10 बजे उद्घाटन समारोह होगा। वहीं सम्मेलन का समापन रविवार रात्रि 10 बजे होगा। आयोजक समिति के सदस्य साकेत देशमुख, धनंजय देशमुख साकेत पटेल अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## पदोन्नति : 576 पदोन्नत शिक्षकों की प्राथमिकता क्रम सूची जेडी ने की तैयार

# रिक्त पद होने पर पदोन्नत शिक्षकों की होगी उसी स्कूल में पदस्थापना, 12 से काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शिक्षक/ प्रधान पाठक प्राथमिक शाला तथा शिक्षक (एल.बी) ई व टी संवर्ग से प्रधान पाठक ई/टी संवर्ग के पद पर पदोन्नति के बाद काउंसलिंग 12 फरवरी से शुरू होगी। मंगलवार को दावा- आपत्ति के बाद जेडी कार्यालय में फाइनल सूची चस्पा की गई। दुर्ग संभाग के 576 शिक्षकों को पदोन्नति मिली है। काउंसलिंग में पदोन्नत शिक्षकों के वर्तमान कार्यरत संस्था में पद रिक्त होने की स्थिति में उनकी पदस्थापना उसी स्थान पर किया जाएगा। इसलिए ऐसे शिक्षकों को काउंसिलिंग प्रकिया में शामिल नहीं किया गया है। एक ही विद्यालय में एक से अधिक शिक्षक पदस्थ होने की स्थिति में विद्यालय में कार्यभार के मान वरिष्ठ शिक्षक की पदांकन यहीं किया जाएगा। कनिष्ठ शिक्षक को काउंसिलिंग में शामिल करना है।

### लंबे समय से इंतजार के बाद मिली खुशी



फाइल फोटो

### रिटायरमेंट के करीब वालों को पहली प्राथमिकता

काउंसलिंग में संभागीय शिक्षा विभाग ने प्राथमिकता क्रम तैयार की है। रिटायरमेंट के करीब प्रधान पाठकों को पदांकन में पहली प्राथमिकता दी जाएगी। अनुपात भर्ती तथा पदोन्नति नियम के अनुसार शिक्षक 50 प्रतिशत शिक्षक (एल.बी) 50 प्रतिशत के आधार पर निर्धारित है। सर्वप्रथम एक वर्ष से कम अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों ( 30 दिसंबर 2026 तक) को वरिष्ठता के आधार पर संस्था चयन हेतु प्राथमिकता दी गयी है। काउंसिलिंग प्रकिया में दिव्यांग (महिला/पुरुष) को पहले प्राथमिकता दी गयी है। तत्पश्चात महिला तथा इसके बाद पुरूष वर्ग को वरिष्ठता के कम में संस्था चयन हेतु प्राथमिकता दी गई है।

### तीन दिन में इस तरह होगी काउंसलिंग

ई/ई(एल.बी) की 12 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से 2 बजे तक होगी। जिसमें पदोन्नत सरल क्रमांक 1 से 200 तक के शिक्षक शामिल होंगे। ई/ई(एलबी) इसी दिन दोपहर 2.30 बजे से 5.30 क्रमांक 201 से 400 तक के शिक्षक शामिल होंगे। ई/ई(एलबी) 13 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से क्रमांक 401 से 511 तक के शिक्षक (अतिम क्रमांक परिवतनीर्य हो सकता है। टी/टी (एल.बी) 13 फरवरी को दोपहर 2.30 से 4 बजे तक क्रमांक 1 से 65 तक के शिक्षक काउंसलिंग में भाग लेंगे।

### मूल संस्था का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य

सभी पदोन्नत प्रधान पाठकों को वर्तमान संस्था में कार्यरत होने एवं मूल पदस्थापना की जानकारी संबंधी संख्या प्रमुख द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा। पहचान सुनिश्चित करने हेतु शासन द्वारा मान्य फोटो युक्त पहचान पत्रों में से कोई अनिवार्यत लाना है। यदि पदोन्नत प्रधान पाठक दिव्यांग है तो दिव्यांगता का मूल प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### भरवाएंगे सहमति पत्र

काउंसिलिंग में पदोन्नत शिक्षक द्वारा स्थान का चयन किये जाने के उपरांत उनसे सहमति पत्र भरवाया जाएगा। काउंसिलिंग प्रारंभ होने से पूर्व ही सहमति पत्र उपलब्ध कराएंगे ताकि वे चयन स्थान को छोडकर अन्य जानकारी पहले से ही भर लेवें। काउंसिलिंग में उपस्थित नहीं होने वाले तथा काउंसिलिंग में उपस्थित होने पर भी स्थान का चयन करने से इंकार करने वाले पदोन्नत प्रधान पाठकों को काउंसिलिंग उपरान्त अंत में शेष बचे रिक्त पद पर पदस्थापना संभागीय कार्यालय द्वारा की जाएगी। पदस्थापना आदेश जारी होने के बाद सात कार्यदिवस के भीतर पदग्रहण करना है।

### पदोन्नत शिक्षकों की काउंसिलिंग 12 से

पदोन्नत शिक्षकों को काउंसलिंग से पदस्थापना की जाएगी। 12 फरवरी से काउंसिलिंग होगी। दावा- आपत्ति का समय मंगलवार 10 फरवरी को पूरा हो गया है। फाइनल सूची कार्यालय में चस्पा कर दी गई है।

**आरएल ठाकुर**, जेडी, संभागीय शिक्षा दुर्ग

## रेकी कर बाइक चोरी करने वाले गिरोह के तीन युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा
- सुपेला थाना का मामला, लॉक तोड़कर करते थे चोरी

चोर गिरोह के तीन सदस्यों ने पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस को मुखबिर की सूचना पर तीन युवक सुपेला चौक के पास बाइक बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस टीम पहुंची उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

आरोपियों में संग्राम चौक छावनी निवासी अब्दुल वाजिद अली, जुंन नगर कैंप-01मोहम्मद मुबारक, रावण भांठा, सुपेला अमित प्रजापति है। पूछताछ में आरोपी युवकों ने पुलिस को बताया कि बेरोजगारी के कारण सूने स्थानों पर वाहनों की रेकी कर लॉक तोड़कर बाइक पार करते थे। उसके पार्ट्स अलग-अलग कर ग्राहकों को बेचा करते थे। आरोपियों ने बाइक सीजी 07 एलजेड 3570 का उपयोग चोरी करने में किया करते थे। बाइक सीजी 07 एबी 0301 सेक्टर-09 हनुमान मंदिर पार्किंग, सीजी 08 एफएच 4814 जेल तिराहा पद्मनाभपुर, सीजी 07 एडी 2703 को चंद्र-मौर्या पार्किंग सुपेला, सीजी 07 बीटी 4322 को आकाशगंगा हिमालय कॉम्प्लेक्स, सुपेला से चोरी करना स्वीकार किया।

## बीएसपी ट्रेड यूनियन की बैठक में हड़ताल को सफल बनाने हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- 12 फरवरी को होगी देशव्यापी हड़ताल
- श्रम विरोधी कानून, न्यूनतम वेतन का मुद्दा

संयुक्त ट्रेड यूनियन, भिलाई की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को इंटक कार्यालय, सेक्टर-3, भिलाई में संपन्न हुई। बैठक में मोदी सरकार द्वारा मजदूरों को गुलाम बनाने वाले चार लेबर कोड तथा मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी को आयोजित होने वाली देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस बैठक में इंटक, सीटू, एटक, ऐक्टू एवं लोइमू से संबद्ध श्रमिक संगठनों के साथियों ने भाग लिया। सभी संगठनों ने एक स्वर में केंद्र सरकार की तानाशाही, मजदूर विरोधी एवं जनविरोधी नीतियों की कड़ी निंदा की।

बैठक में विशेष रूप से प भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के लंबित वेतन समझौते को शीघ्र पूर्ण करने, भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तथा श्रमिकों पर थोपे जा रहे श्रम विरोधी कानूनों के खिलाफ 12 फरवरी 2026 की हड़ताल को सफल बनाने हेतु रणनीति तय की गई।

संयुक्त ट्रेड यूनियन, भिलाई ने समस्त श्रमिक साथियों एवं आम जनता से अपील की है कि वे 12 फरवरी 2026 की देशव्यापी हड़ताल को पूर्ण रूप से सफल बनाएं, केंद्र सरकार के मजदूर विरोधी हमलों का एकजुट होकर जवाब दें तथा एक लंबी और निर्णायक लड़ाई के लिए तैयार रहें, जिससे स्थायी रोजगार सुनिश्चित हो सके और आम जनता का भविष्य सुरक्षित रहे।

## युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का भिलाई में स्वागत, एकजुटता का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया के आगमन पर ढोल नगाड़े और आतिशबाजियों के बीच स्वागत किया गया। टिकरिया ने सेक्टर 9 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की खुशहाली और उन्नति के लिए हनुमान से प्रार्थना की। टिकरिया ने कहा कि भिलाई जिले में बहुत ऊर्जा और ताकत है। युवा मोर्चा के सभी सदस्य दिन रात मेहनत कर रहे हैं।

मीडिया प्रभारी जयंत शर्मा ने बताया कि मुख्य रूप से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल, आकाश ठाकुर, विजय जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष महेश वर्मा, प्रशम दत्ता, कुशल साहू उपस्थित रहे।

## सेल ने आगत कच्चे माल के सैंपलिंग और सैंपल प्रिपरेशन पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अनुसंधान एवं विकास केंद्र, आयरन एंड स्टील (आरडीसीआईएस) द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में सेल खदानों एवं संयंत्रों में आगत कच्चे माल की सैंपलिंग एवं सैंपल प्रिपरेशन विषय पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेल की विभिन्न खदानों एवं संयंत्रों में सैंपलिंग प्रक्रियाओं के मानकीकरण एवं तकनीकी समझ को सुदृढ़ करना, जिससे गुणवत्ता नियंत्रण एवं परिचालन उत्कृष्टता को और अधिक मजबूती मिल सके।

कार्यक्रम का शुभारंभ भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक (आरसीएल), राहुल श्रीवास्तव के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इसके उपरांत कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (खदान) कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक (खदान–रावघाट) अरुण कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें उन्होंने इस्पात निर्माण प्रक्रिया में साइंटिफिक सैंपलिंग एवं गुणवत्ता आश्वासन के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया गया।




तकनीकी सत्रों के अंतर्गत आईएस मानकों के अनुरूप सैंपल संग्रहण, स्कूप सैंपलिंग सिस्टम तथा लौह अयस्क खदानों में प्रचलित सैंपलिंग पद्धतियों पर विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं। ये प्रस्तुतियाँ बोलानी अयस्क खदान, भिलाई इस्पात संयंत्र की खदानों तथा आरडीसीआईएस के अधिकारियों द्वारा दी गईं। इस दौरान प्रतिभागियों को संयंत्र भ्रमण का अवसर भी मिला, जिससे उन्हें व्यावहारिक सैंपलिंग एवं सैंपल प्रिपरेशन प्रणालियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। दूसरे सत्र में फेरो-एलॉय की सैंपलिंग एवं सैंपल प्रिपरेशन पर केंद्रित तकनीकी व्याख्यान आयोजित किए गए, जिनमें भिलाई इस्पात संयंत्र एवं इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी) के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। इसके अतिरिक्त एम/एस ईस्टमैन क्रशर्स द्वारा आधुनिक क्रशिंग एवं सैंपलिंग तकनीकों पर एक उद्योग प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में आरडीसीआईएस, सेल के मुख्य महाप्रबंधक (कोल, कोक एवं ऊर्जा) सीवी राव द्वारा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रबंधन, सभी वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं आयोजन से जुड़े दलों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को एक सार्थक एवं सफल ज्ञान-विनिमय मंच बताया।

## सलाहकार समिति की बैठक में ऐसे उद्यानों से समाजसेवी संगठनों को जोड़ने की होगी पहल

# एनएच सहित शहर के उद्यानों की दशा सुधारने बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग की सलाहकार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विभाग की प्रभारी सदस्य नेहा साहू एवं सचिव तिलेश्वर साहू की उपस्थिति में हुई।

बैठक का मुख्य एजेंडा वार्ड क्रमांक 4, नेहरू नगर जी. ई. रोड स्थित उद्यानों सहित अन्य उद्यानों का बेहतर संचालन एवं सुव्यवस्थित रखरखाव रहा। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि निगम क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य उद्यानों के संचालन एवं रखरखाव हेतु रुचि की अभिव्यक्ति के तहत दिए जाने हेतु आगामी कार्यवाही की जाए।



सभी सदस्यों ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाए। प्रभारी सदस्य नेहा साहू ने चर्चा के दौरान कहा कि उद्यान शहर की फेफड़े होते हैं। हमारा लक्ष्य वरिष्ठ नागरिकों के टहलने के लिए सुरक्षित पथ और बच्चों के मनोरंजन के लिए बेहतर खेलकूद के संसाधन उपलब्ध कराना है। बैठक में इस बात पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया कि उद्यानों को किस प्रकार अधिक व्यवस्थित और सुंदर बनाया जा सकता है।

उद्यानों में बैठने के लिए बेंच, लाइट व्यवस्था और नए पौधों का रोपण, नियमित सफाई और पौधों की छंटाई के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए।

बैठक के अंत में सचिव तिलेश्वर साहू ने चर्चा में आए विषयों पर तत्काल प्रभाव से कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन हेतु आश्वस्त किया ताकि आम जनता को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

बैठक में मुख्य रूप से सलाहकार समिति के सदस्य पार्षद उषा शर्मा, सरिता देवी, गिरजा बंछोर, रवि शंकर कुर्रे, उमेश साहू सहित उद्यान विभाग के कर्मचारी त्रिवेणी देशपांडे, गोपाल यादव एवं अन्य उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



साड़ी के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड अपनी...

## लाइव इवेंट

### अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी में प्रहलाद महासचिव और संजय गर्ग कोषाध्यक्ष चुने गए



**दुर्ग।** अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी वर्ष 2026 से 2028 के लिए घोषित कर दी गई है। इसे लेकर आयोजित बैठक में सामूहिक एकजुटता का संदेश दिया गया। बैठक अग्रसेन सेन भवन दुर्ग में हुई। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित सेक्सरिया ने की। बैठक का संचालन महासचिव प्रहलाद रूंगटा ने की। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संजय गर्ग को सौंपी गई। इसके अलावा संरक्षक कैलाश रूंगटा, गौरीशंकर अग्रवाल बनाए गए। उपाध्यक्ष बृजमोहन गोयल, प्रेम अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, मधुप अग्रवाल, पंकज कीर्तुका, विनोद अग्रवाल, सचिव विमल राजगढ़िया, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश अग्रवाल, प्रकाश खेतान, सतपाल बंसल, प्रदीप अग्रवाल, रामनिवास मित्तल, दीपक बंसल, नवल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, राजेश रूंगटा, गिरिश अग्रवाल, मनोनीत सदस्य सुमीत अग्रवाल, सुनील गोयल, राजकुमार अग्रवाल, बंशीधर पोद्दार, आशीष सेक्सरिया, विनीत खेतान, शरद गर्ग, विशेष आमंत्रित सदस्य संजय रूंगटा, डीसी अग्रवाल, गिरिश अग्रवाल, एलएन अग्रवाल, शंकर सिंघल, दिनेश अग्रवाल, प्रवीण गर्ग शामिल हैं। अध्यक्ष ललित सेक्सरिया ने समाजहित में निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल, संरक्षक कैलाश रूंगटा एवं गौरीशंकर अग्रवाल ने नई कार्यकारिणी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संरक्षक कैलाश रूंगटा ने अग्रसेन भवन के भूतल स्थित हॉल के शेष आधे भाग को भी वातानुकूलित करने का सुझाव दिया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सराहा। बैठक में विशेष रूप से पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण रूंगटा, महेंद्र सेक्सरिया, जयदेव सिंघल उपस्थित थे।

## लाइव इवेंट

### छग की कला संस्कृति को जीवित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है: भूपेश बघेल



**भिलाई।** गुरु घासीदास कला एवं साहित्य विकास समिति ,संस्कृति विभाग छ.ग. शासन,दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर द्वारा आयोजित गनियारी लोककला महोत्सव के समापन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे । इस दौरान श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को जीवित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। यहां के पंथी पंडवानी, करमा,ददरिया ने पूरे देश में छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। ग्रामीण अंचल में इस तरह का आयोजन हो पाना संभव नहीं है, लेकिन महापौर निर्मल कोसरे एवं उनके समिति के साथियों ने जो काम किया है, वह प्रशंसनीय है। पद्मभूषण डॉ तीजन बाई ने पंडवानी के माध्यम से पूरे देश में अपना परचम लहराया, राज्य एवं गांव का नाम रोशन किया। उसी तरह से निर्मल कोसरे ने अट्ठारह वर्षों तक इस महोत्सव को आयोजित करके न केवल छत्तीसगढ़ अपितु अन्य राज्यों के कलाकारों को मंच प्रदान किया है। गनियारी महोत्सव की पहचान राष्ट्रीय महोत्सव के रूप में हो चुका है। विशिष्ट अतिथि सभापति कृष्णा चंद्राकर, सुजीत बघेल, मनोज मढ़रिया, संतोष तिवारी, मोहन साहू, संतोषी निषाद दीप्ति वर्मा समेत पार्षद गण शामिल हुए। सम्मान समारोह भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के अलावा असम, हरियाणा राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश के कलाकारों के साथ लोक कलाकार कु. मोनिका वर्मा, पत्रकार रोमशंकर यादव, गीता बंजारे, विरेन्द्र चतुर्वेदी,राकेश साहू का श्रीफल एवं प्रतीक प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मूलचंद चतुर्वेदी एवं आभार समिति के अध्यक्ष महापौर निर्मल कोसरे ने किया।

#### कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुति भी हुई

कार्यक्रम मे आसन परिवार चौंका पार्टी बाराडेरा जिला रायपुर, सात ज्योति पंथी नृत्य डुमर जिला दुर्ग, सुर सुरभि पंडवानी मड़ेली जिला गरियाबंद, जय बाबा रुखड़ नाथ जस झांकी नारधा जिला दुर्ग, संगी के मया नाचा पार्टी इंदामारा जिला राजनांदगांव, लोक संगीत कंचन जोशी, रामदास मानस परिवार बंदौरा जिला कबीरधाम, सफुरा माता बालिका पंथी दल उमरपोटी, कांति बसु लोक रजनी फाक परिवार दैहान बांधा जिला मानपुर मोहला, जय राधा कृष्ण राऊत नाच मंडली खजरी जिला राजनांदगांव, ईशरदेव पूरन जस झांकी बघेरा जिला दुर्ग, विरेन्द्र चतुर्वेदी एवं सुनील सोनी नाइट के अलावा अन्य प्रदेश के पारंपरिक लोकनृत्य असम से बिहू, राजस्थान से कालबेलिया नृत्य, महाराष्ट्र से लावणी , हरियाणा से घुमर नृत्य, मध्यप्रदेश से राई नृत्य, गुजरात से सिद्धि धुमाल, ओडिशा से संबलपुरी नृत्य, उत्तर प्रदेश मथुरा से ब्रज की होली एवं दक्षिण भारत से भरतनाट्यम की रंगारंग प्रस्तुति में दर्शकों को रात भर भाव विभोर कर दिया।




● 15 फरवरी शाम 5 बजकर 6 बजे शुरू होकर 16 फरवरी शाम 5 बजकर 35 मिनट पर समाप्त होगी

# महाशिवरात्रि 15 की शाम प्रारंभ होगी चतुर्दशी तिथि, सूर्य, बुध, राहु और शुक्र एक साथ मिलकर बनाएंगे चतुर्ग्रही योग, शिवालयों में चल रही तैयारी



**भिलाई। महाशिवरात्रि का पर्व इस बार 15 फरवरी को मनाया जाएगा। जिसके लिए ट्विनसिटी के शिवालयों में जोरशोर से तैयारियां चल रही है। ट्विनसिटी के सभी शिव मंदिरों में रंग-रोगन का कार्य चल रहा है। वही शिवनाथ नदी के तट पर विशेष आयोजन और मेले की तैयारियां चल रही है। इस साल फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी को शाम 5 बजकर 6 बजे शुरू होगी और 16 फरवरी को शाम 5 बजकर 35 बजे समाप्त होगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, महाशिवरात्रि पर शिव पूजन का विधान मध्यरात्रि ही है, इसलिए उदया तिथि मान्य नहीं होगी। 15 फरवरी को ही त्रयोदशी-युक्त चतुर्दशी के साथ महाशिवरात्रि मनाई जाएगी और इसी दिन मध्यरात्रि पूजा होगी।**

### सर्वार्थ सिद्धि योग में करें रुद्राभिषेक

इस दिन सूर्य, बुध, राहु और शुक्र एक साथ मिलकर एक शक्तिशाली चतुर्ग्रही योग बना रहे हैं। इसके अलावा सुबह 7 बजे से शाम 7.48 बजे तक, सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसे ज्योतिष में सबसे शुभ योगों में से एक माना जाता है, जो बाधाओं को दूर करने और सफलता सुनिश्चित करने के लिए जाना जाता है। 15 फरवरी को सुबह 7 बजकर 7 बजकर 45 मिनट से लेकर शाम 7 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहने वाला है। इस योग में भगवान शिव की पूजा आराधना करने से हर मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। रुद्राभिषेक करने के इच्छुक भक्त सर्वार्थ सिद्धि योग में महाशिवरात्रि के दिन रुद्राभिषेक कर सकते हैं।

### शिववास के साथ श्रवण नक्षत्र का संयोग

महाशिवरात्रि के दिन शिववास रहता ही है, इसके साथ ही इस दिन शाम 7 बजकर 48 मिनट के बाद श्रवण नक्षत्र शुरू होने वाला है। इस दिन उत्तराषाढ़ा और श्रवण नक्षत्र के संयोग के साथ व्यातिपात योग भी रहेगा।इस नक्षत्र में भगवान शिव की आराधना के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा षोडशॉपचार विधि से पूजा आराधना चार प्रहर में करनी चाहिए और शाम के समय यानी प्रदोष काल में भगवान शिव का अभिषेक करें। महाशिवरात्रि के दिन ऐसा करते हैं तो सारे दुख, कष्ट, रोग, काल, दारीद्र आपके खत्म हो जाएगा और जीवन में सुख-समृद्धि की वृद्धि होगी।



### तीन दिन पूर्व प्रारंभ होंगी विवाह रस्में

ट्विनसिटी दुर्ग-भिलाई सहित प्रदेशभर के शिवालयों में विवाह रस्में और पूजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। महाशिवरात्रि पर होने वाली शिव विवाह की रस्में तीन दिन पूर्व ही प्रारंभ हो जाएंगी। पं संदीप तिवारी के अनुसार, जिन पर्व में मध्यरात्रि पूजन का विधान होता है। उनमें उदया तिथि नहीं देखी जाती है। व्रत-पूजन सहित विवाह भी 15 फरवरी को ही होगा। ऐसे में इसके तीन दिन पूर्व मंदिर में हल्दी, संगीत, मेहंदी की रस्में परंपरानुसार प्रारंभ कर दी जाएंगी।



# ओजस्वी वाणी से बाबा आंबेडकर के क्रांतिकारी विचारों को किया प्रस्तुत

**भिलाई।** त्याग, समर्पण, सेवा, नारी चेतना की प्रेरक और भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ.बाबासाहेब अम्बेडकर की जीवन संगिनी रमा आई अम्बेडकर की जन्म जयंती सेक्टर 6 भिलाई के बुद्ध विहार में महाबोधी महाविहार मुक्ति आंदोलन महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मनाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि नरेंद्र मेश्राम गोंदिया महाराष्ट्र, संदीप कोल्हटकर राजनांदगांव, डॉ.अरविंद चौधरी दुर्ग, सुशील गणवीर गोंदिया, सविता बौद्ध संकल्पी दुर्ग, वर्षा बागड़े भिलाई सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की प्रस्तावक अल्का बौद्ध और कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सरोज बौद्ध ने की और कार्यक्रम का संचालन जयश्री बौद्ध और ज्योति बौद्ध ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत नन्हें भीम सैनिक यथार्थ सम्राट भारतीय ने अपने भाषण में रमाई के कष्टों के साथ ही डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर के तीन गुरु तथागत बुद्ध, संत कबीर और ज्योतिबाराव फुले के क्रांतिकारी विचारों को रखकर अपनी ओजस्वी वाणी से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ.अरविंद चौधरी ने समाज संगठन की आवश्यकता पर अपने बात रखते हुए रमाई के समर्पण भाव को स्मरण कराए। सुशील गणवीर ने रमा आई के जीवन पर मार्मिक संभाषण किया। मुख्य अतिथि नरेंद्र मेश्राम ने रमा अम्बेडकर सेवा त्याग के साथ ही भारत की सामाजिक, राजनैतिक दशा और दिशा पर बात रखते हुए यूजीसी का समर्थन किया।




अक्षिता ने रमा आई पर भाषण दिया। मंगला गेडाम, प्रणाली, संगीता, नीतू, सुलोचना बौद्ध, केसर रामटेके, राजू मेश्राम ने अपने गीतों की प्रस्तुति दी। सविता बौद्ध संकल्पी के मिशनरी गीतों को समूहगान में गाकर समाज को सदैव जागृत रहने का संदेश दिया। दि बुद्धिष्ट प्रचारक विंग छत्तीसगढ़ की संस्थापिका सविता बौद्ध और नवदृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से बौद्ध समाज के 25 लोगों द्वारा मरणोपरांत देहदान व नेत्रदान के घोषणार्थियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भूपत बोरकर,आशा जुल्मे, हर्षिला रंगारी, स्नेहा मेश्राम, विशाखा कुर्रे, रेशमा आनंद, विजया ज़मुरिया, सुनंदा गजभिए, अनिल जोग, सुदेश कुमार, वी. एन.राव, रवि गाडगे, शिवचरण पंतवाने, विनोद टेंभरे, एच पी नंदगावली, महेंद्र बौद्ध, यशवंत रामटेके, सुभाष बंसोडकर, महेंद्र रामटेके और बौद्ध समाज उपस्थित रहा।

# 40 फीट ऊंचे शिवलिंग पर अनवरत हो रहा दुग्धाभिषेक और झांकी भी

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर दुर्ग में 8 से 16 फरवरी तक चलने वाले नौ दिवसीय शिव दर्शन आध्यात्मिक मेला की शुरुआत डॉ प्रमोद गुप्ता डायरेक्टर सेंट्रल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंस देवादा, राजनांदगांव, भानु प्रताप सिंह पूर्व मुख्य वन संरक्षक छग शासन, बसंत मोदी, ब्रह्माकुमारी रीटा संचालिका ब्रह्माकुमारीज दुर्ग के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

नौ दिनों तक चलने वाले इस झांकी के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की संचालिका ब्रह्माकुमारी रीटा ने बताया कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संस्था द्वारा भिन्न-भिन्न झांकी का आयोजन किया जाता है।



इस वर्ष भी 40 फीट ऊंचा शिवलिंग, शिवलिंग पर अनवरत अनोखा दुग्धाभिषेक, शिव-शंकर की चैतन्य झांकी, आत्मा-परमात्मा का भेद, सृष्टि के उत्थान एवं पतन का अद्भुत दर्शन, सूर्य-चंद्र तारागण से पार की अनोखी दुनिया का रहस्य को आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी के द्वारा दिखाई जायेगी। मेले का समय सुबह 6 से दोपहर 1 बजे तक और शाम 5 से रात 10 बजे तक रहेगा।

## बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के सदस्यों ने साझा की तैयारियों की जानकारी

कार्नर न्यूज

# शिव आंनद मुद्रा में नंदी पर बैठकर करेंगे भ्रमण, छग के 151 सहित 7 प्रदेशों की 15 से 30 फुट की झांकियां रहेंगी आकर्षण का केन्द्र

**भिलाई।** 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर बोलबम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी बाबा की बारात निकाली जा रही है। 17 साल से लगातार हो रहे इस भव्य आयोजन का यह 18वां साल है। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दया सिंह ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि इस बार बारात एशिया बुक ऑफ रिकाड्र्स और इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज होगी। इस बार छग के 151 सहित अन्य 7 प्रदेशों की 15 से 30 फुट की झांकियां जिसमें राम, रावण विभिषण भूत, पिशाच, भगवान शिव आंनद मुद्रा में नंदी पर बैठकर भ्रमण करते हुये झांकियां मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। आयोजन से पहले 12 फरवरी को दुर्गा मंच खुर्सीपार में संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जस गीत गायक दूकालू यादव भजनों की प्रस्तुति देंगे।

दया ने बताया कि बारात की भव्यता इतनी होती है कि इसे देखने के लिए देश-प्रदेश भर से लोग आते हैं। जिसके लिए आयोजक बोलबम सेवा कल्याण समिति के पदाधिकारी युवा विंग, महिला विंग एवं सदस्य पिछले दो माह से जुटे हुए है। आयोजन में केन्द्रीय मंत्री और पूर्व केबिनेट मंत्री छग समेत गणमान्य नागरिक और




राजनेताओं और साधुसंतो को आमंत्रित किया गया है।

### यह झांकियां करेंगी आकर्षित

दया ने बताया कि विभिन्न प्रदेशों से आने वाली मनमोहक झाकियां रहेंगी भक्तों की आकर्षण का केन्द्र। जिसमें केरल के 40 सदस्यों की 7 झांकियां, आंध्रप्रदेश, हैदराबाद, विजय वाड़ा, राजमंडरी, विशाखापट्टनम से महाकाली झांकी रहेगी। इस बार मां दुर्गा के नौ रूप और पन्द्रह फुट की झांकिया भी देखने को मिलेगी। हरियाणा से पगला बाबा राम्-आर्ट ग्रुप द्वारा भव्य झांकी, शिवलिंग दर्शन, भोलेनाथ की भस्म आरती, राधाकृष्ण संग ब्रज होली, महाकाली ताण्डव नृत्य की विशाल झांकी रहेगी। नई दिल्ली व हरियाणा की विशाल काली ग्रुप की 15 फुट की कंकाल खोपड़ी के भीतर से निकलकर शिव एवं पार्वती एक दूसरे को वर माला पहनाते हुए मनमोहक झांकी के साथ शिव तांडव करते हुए रहेगी।

उत्तर प्रदेश अयोध्या के तर्ज पर रामदरबार, लक्ष्मण जी के मूर्छित होने और चारों तरफ मचा हाहाकार प्रस्तुत करते हुए झांकियां रहेगा। ओडिशा के सम्बलपुर का धमाल प्रमुख और पारंपरिक वाद्ययंत्र, भगवान शिव की विशाल नंदी में बैठे हुए आकर्षक झांकी, छत्तीसगढ़ की भारतीय जवानों द्वारा दुश्मनों से लड़ते हुए भव्य झांकी जो कि विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगी। 30 फीट के उड़ते हुए हनुमान जी संजीवनी बुटी लेने जाते हुए आकर्षक झांकी। शिव परिवार, महाश्मशान अघोरा बारात अद्भुत और विचित्र प्रस्तुति लोगो को लुभाएंगी।

### इन रूट्स से होकर गुजरेगी बाबा की बारात

प्रेस कान्फ्रेंस में अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि भोले बाबा की बारात दोपहर 2 बजे से निकलेगी। बारात दोपहर 2 बजे इंदिरा नगर हथखोज वार्ड नं.01 से प्रस्थान कर राम जानकी शिव मंदिर में पूजा अर्चना होगी। ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए केनाल रोड, कार्तिकेय चौक, बोलबम चौक, नंदी तिराहा, जोन-1 शिव मंदिर होते हुए जोन-2 श्रीराम चौक होते हुए दुर्गा मैदान खुर्सीपार में विवाह स्थल पर समापन होगा। बारात के लिए सैकड़ों की संख्या में वालेंटियर्स नियुक्ति किए गए हैं।

दया सिंह ने बताया कि छ.ग. प्रदेश की विभिन्न जिला रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, बस्तर कांकेर, राजनांदगांव, खैरागड, मंडई, बेमेतरा, बालोद, पाटन, उतई, नेवई, पथरी, जरवाय, उमदा से 151 झांकियां जिसमें राम, रावण विभिषण भूत, पिश्चाच, राक्षस हजारों की संख्या में आपको भोले बाबा की बारात में देखने को मिलेगी। भोले बाबा की बारात में हजारों की संख्या में कलाकार उपस्थित रहेंगे। जो देवी-देवताओं के साथ-साथ भूत-पिशाच का वेष धारण कर भ्रमण करेंगे।

## सिटी इवेंट

# शाम ए गजल में शायरों के कलाम ने लूटी वाहवाही



**भिलाई।** प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ के तत्वावधान में शाम-ए-ग़ज़ल का आयोजन भिलाई निवास कॉफी हाउस के सभागार में किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से आए शायरों ने अपने कलाम सुनाए और वाहवाही लूटी।

आयोजन में मुख्य अतिथि हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप थे। अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री संतोष झांझी और विशिष्ट अतिथि शायर मुमताज ने की। आरंभ के मुख्य संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा एवं मुख्य सलाहकार आचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा की उपस्थिति में देर शाम तक श्रोताओं ने कई शानदार गजलों का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से नामचीन शायर व ग़ज़लकारों ने शिरकत की। सद्र-ए-मुशायरा अब्दुस्सलाम कौसर की सदारत में सुखनवर हुसैन, आलिम नकवी, आर.डी.अहिरवार, इरफ़ानुद्दीन इरफ़ान, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी सब्र, राकेश गुप्ता रुसिया, सुशील यादव, शाहीन अंसारी और आरंभ की महासचिव शायरा नूरुस्साबाह खान सबा ने अपने-अपने कलाम सुनाए। त्र्यम्बक राव साटकर अंबर ने अपनी कृति महान डॉ. अब्दुल कलाम काव्य पुष्पांजलि, राकेश गुप्ता रूसिया की कृति धरोहर इक ग़ज़ल नामा, डॉ. विजय कुमार गुप्ता मुन्ना की कृति छंद कथा समय यथा एवं डॉ. इकबाल खान तन्हा ने वनांचल साहित्य सृजन समिति की वार्षिक साहित्यिक पत्रिका अतिथियों को भेंट की। आमंत्रित ग़ज़लकारों को शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ व आरंभ कलमकार सम्मान-2026 प्रशस्ति-पत्र से अलंकृत किया गया। वहीं भूपेंद्र कुलदीप, संतोष झांझी और शायर मुमताज ने भी अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अनिता करडेकर, उपाध्यक्ष दीप्ति श्रीवास्तव, सचिव आलोक कुमार चंदा, आंतरिक अंकेक्षण पल्लव चटर्जी, ब्रजेश मल्लिक, जाविद हसन और विनोद कुमार श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में रचनाकार उपस्थित थे। स्वागत उद्बोधन 'आरंभ' के अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य ने दिया। संचालन कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रजनी नेलसन ने किया। शाम-ए-ग़ज़ल का संचालन शायरा नूरुस्साबाह खान सबा और आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष शानू मोहनन ने व्यक्त किया।

- प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ के आयोजन में जुटे कलमकार

## धर्म इवेंट

# शहर में निकलेगी फाल्गुन एकादशी 27 को खाटू धाम जैसी निशान यात्रा



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग में इस साल फाल्गुन एकादशी 27 फरवरी के अवसर पर श्याम बाबा के खाटू धाम में प्रतिवर्ष निकलने वाली निशान यात्रा के जैसी निशान यात्रा निकलेगी। फाल्गुन मास की पावन ग्यारस को लेकर दुर्ग में श्याम फाल्गुन निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाले श्री श्याम निशान यात्रा 2026 की तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। निशान यात्रा आयोजक समिति के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि दुर्ग अब भक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। बाबा श्याम के भक्तों के लिए इस साल का फाल्गुन मास बेहद खास होने वाला है। शहर में पहली बार खाटू श्याम के धाम की तर्ज पर एक विशाल और भव्य फाल्गुन एकादशी निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

- नगर के सभी देवी देवताओं को मंदिर जाकर निशान यात्रा का आमंत्रण पत्र भेंटकर किया गया आमंत्रित

### दुर्ग की सड़कों पर दिखेगी खाटू की झलक

आमतौर पर फाल्गुन के महीने में लाखों भक्त सीकर के खाटू धाम की ओर रुख करते हैं, लेकिन इस बार दुर्ग के आयोजकों ने शहर में ही वैसा ही दिव्य वातावरण तैयार करने का बीड़ा उठाया है। खाटू धाम जैसी ही भव्य निशान यात्रा, फूल इत्र रंग की बरसात के साथ बाबा का रथ घोड़े बग्गी के साथ-साथ सुंदर एवं मधुर गीतों के साथ भक्तों की विशाल निशान यात्रा रहेगी मुख्य आकर्षण होंगे। इस अवसर पर हारे का सहारा, भगवान श्रीकृष्ण के कलयुगी अवतार, लखदातार, शीश के दानी कहे जाने वाले बाबा खाटू श्याम की झांकी निकलेगी।

# पांच दिवसीय क्रियायोग विशेष साधना शिविर 20 फरवरी से

**दुर्ग।** रविवार को प्रज्ञानालय क्रिया योग आश्रम पद्मनाभपुर में क्रियोगियो की बैठक आहूत की गई। इससे विशेष साधना शिविर आयोजिन के सम्बंध में चर्चा हुई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि पांच दिवसीय क्रियायोग विशेष साधना शिविर का आयोजन चोपड़ा पैलेस न्यू आदर्श नगर दुर्ग में 20 से 25 फरवरी तक होना निश्चय किया गया है। इस संदर्भ में आश्रम की संचालिका श्रीधरानंद गिरि की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पुराने कियावानों को रजिस्ट्रेशन कराने एवं दीक्षा के लिए सुपात्रों के चयन का भी आह्वान किया गया। इस अवसर पर विशेष शिविर में बड़ी संख्या में मुम्बई, बंगलोर, इंदौर, भोपाल, नागपुर, बनारस, रायपुर से आनेवाले क्रियावानों का रजिस्ट्रेशन व पहचान पत्र तैयार हो गया है। पुरी से भी बड़ी संख्या में संन्यासियों के पधारने की संभावना है। यह जानकारी कार्यकारिणी सचिव युवराज देशमुख ने दी।

## ● हिमाचल राजवाड़े को मिली प्रांत सह सचिव की नई जिम्मेदारी

# आरोग्य भारती छत्तीसगढ़ प्रांत अभ्यास वर्ग में 17 जिलों से 105 कार्यकर्ता हुए शामिल, साझा की प्रायमरी प्रीवेंशन की जानकारी

**भिलाई।** आरोग्य भारती छत्तीसगढ़ प्रांत अभ्यास वर्ग का आयोजन रायपुर में संपन्न हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ आरोग्य भारती प्रांत अध्यक्ष दुर्ग की डॉ मनासी गुलाटी प्रमुख रुप से उपस्थित रही। साथ ही विभिन्न जिलों के एलोपैथी, होम्योपैथी, आयुर्वेद सहित पुलिस और सभी विभाग के स्वाथ्य के प्रति जागरुक सदस्यों ने शिरकत की। प्रांत अभ्यास वर्ग में 17 जिलों से 105 कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थित दर्ज करायी। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष दवरा हिमाचल राजवाड़े को प्रांत सह सचिव बनाया गया। स्थानीय स्तर पर कार्य करते हुए आरोग्य भारती देश के विभिन्न राज्यों और जिलों में सक्रिय है और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करता है। जिसमें विभिन्न विभागों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील लोगों ने सभी क्षेत्रों के प्रायमरी प्रीवेंशन की जानकारी साझा की।

### एंट्री गेटेड हेल्थ सिस्टम पर प्रस्तुत किए विचार

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत संघचालक डॉ टोपलाल बर्मा, डॉक्टर देवेंद्र कश्यप चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक भाजपा और मुख्य वक्ता भोलानाथ ने स्तरीय कार्यकर्ताओं की विशेषताओं के विषय में जानकारी दी। शैक्षणिक सत्र में डॉ रागिनी पांडे साईं हॉस्पिटल रायपुर कार्डियक सर्जन ने एंट्री गेटेड हेल्थ सिस्टम पर विस्तृत जानकारी साझा की। तृतीय सत्र में संघटनात्मक, योजनात्मक और समापन सत्र में रायपुर के अतिरिक्त आयुक्त पुलिस दौलत राम पोरते ने यातायात सुरक्षा संबंधी नियम और सुझाव देते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रति जागरुक किया। प्रांत अभ्यास वर्ग मे 17 जिलों से 105 कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष डॉ मानसी गुलाटी ने प्रांत सह सचिव की घोषणा की और हिमाचल राजवाड़े को प्रांत सह सचिव की जिम्मेंदारी सौंपी।








### आरोग्य मित्र के कार्य

प्रांत अध्यक्ष डॉ. मानसी ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोग्य भारती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा एक अखिल भारतीय संगठन है, जो स्वास्थ्य संरक्षण, रोग निवारण और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए काम करता है, जिसमें आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा जैसे पारंपरिक तरीकों को बढ़ावा दिया जाता है, ताकि समाज में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़े और लोग सिर्फ बीमारी का इलाज नहीं बल्कि समग्र रूप से स्वस्थ रह सकें।

### प्राकृतिक व आधुनिक चिकित्सा विशेषज्ञों को एक मंच पर लाना ही मुख्य कार्य

इस दौरान बताया गया कि आरोग्य भारती यह सिर्फ इलाज पर नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसमें खानपान, दिनचर्या और मानसिक स्वास्थ्य शामिल हैं। सभी चिकित्सा पद्धतियों का एकीकरण कर यह आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और आधुनिक चिकित्सा के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाता है। साथ ही जागरूकता अभियान के तहत मधुमेह नियंत्रण, गर्भ संस्कार, स्वर्ण प्राशन और स्वस्थ जीवनशैली पर कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किये जाते है।

## आयोजन...

# चेटवा में झेरिया यादव का सामाजिक सम्मेलन सामूहिक आदर्श विवाह को बढ़ावा देने दिया जोर

**भिलाई/जामुल।** दुर्ग जिले में धमधा ब्लॉक के ग्राम चेटवा में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज ने प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन, सामाजिक महासम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान हजारों की संख्या में समाज के लोग जुटे और दहेज मुक्त विवाह का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने कहा कि यादव समाज सदैव अपनी कर्मठता और गौ-सेवा के लिए जाना जाता है। समाज का विकास ही राष्ट्र के विकास की नींव है। अहिवारा विधानसभा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अहिवारा को एक आदर्श विधानसभा बनाना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब यादव समाज संगठित हुआ है, उसने नए कीर्तिमान रचे हैं। इस मंच पर युवाओं और बुजुर्गों का साथ दिख रहा है, जो हमारी ताकत है। हमें अपनी राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एकजुट रहना होगा। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश झरिया यादव समाज अध्यक्ष जगनीक यादव ने कहा कि परिचय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करना है। हमें फिजूलखर्ची से बचना चाहिए और सादगीपूर्ण विवाहों को बढ़ावा देना चाहिए।



### बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने का दिया संदेश

जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कहा कि हमें अपनी बेटियों को न केवल शिक्षित करना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाना है। समाज के वरिष्ठों को चाहिए कि वे दहेज जैसी कुरीतियों पर पूर्ण विराम लगाएं और उस धन का उपयोग बेटियों की उच्च शिक्षा में करें। विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू ने समाज के लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने पर विशेष जोर दिया। जिला पंचायत सभापति दुर्ग जितेंद्र यादव ने कहा कि समाज को आगे ले जाने का एकमात्र रास्ता शिक्षा है। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दाऊ आनंद ताम्रकार ने कहा कि युवा ही समाज की रीढ़ है। मंच पर ही समाज के दो जोड़ों का विधि-विधान से विवाह कराया गया। अतिथियों जो दंपति को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर भगत सिंह यादव, जगतराम यादव, सुंदर लाल यादव, राजू यादव, जितेंद्र यादव, ठाकुर राम यादव,जीआर यादव, मनोज, पुष्पा परमानंद साहू, नागेश साहू, राजू यादव आदि मौजूद थे।

## बीएसपी कर्मी की पत्नियों ने किया संयंत्र भ्रमण

# आप भी जानिए कार्यक्रम : कार्मिकों की पत्नियां सुरक्षित कार्य के लिए करें प्रेरित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विसेस जोन के तहत यातायात एवं डीजल संगठन विभाग के कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र के कार्यक्षेत्र से अवगत कराने आप भी जानिए कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विभाग में हुआ। आयोजन एचआर कार्यालय मिल्स जोन 2 द्वारा किया गया। महाप्रबंधक प्रभारी गोपीनाथ मलिक ने कार्मिकों की पत्नियों से अपील की कि वे संयंत्र में सुरक्षित कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने में सहयोग प्रदान करें। ड्यूटी पर जाने तथा वापस आने के समय घर का माहौल सकारात्मक एवं तनावमुक्त रखने का आग्रह किया। महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संयंत्र में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों को उनके कार्यस्थल एवं कार्यप्रणाली से परिचित कराना है। महाप्रबंधक संजय द्विवेदी ने भी संबोधित किया। पूर्व में पत्नियों ने संयंत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-8, एसएमएस-3, लोको रिपेयर शॉप, यूनिवर्सल रेल मिल, प्लेट मिल, टी एंड डी विभाग में उत्पादन प्रक्रिया को देखा। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक प्रताप शेखर नायक कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक डां. उपेन्द्र शर्मा और आभार प्रदर्शन जीएम प्रताप शेखर नायक ने किया।

**देखा कार्यस्थल**

## अतिथियों ने बताया माता पिता के रोज पैर छूने से होता है अच्छे चरित्र का निर्माण

# बच्चों ने माता-पिता और गुरुजनों के पैर पखारकर किया तिलक, मनाया गया मातृ पितृ पूजन दिवस

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** दिव्य अनुभूति विद्यालय कोहका द्वारा मातृ पितृ पूजन दिवस का कार्यक्रम विद्यार्थियों के बीच मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने माता पिता और गुरुजनों को तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने माता पिता को समर्पित गीत और कविताएं पढ़ीं। यह आयोजन सनातन संस्कृति के संदेश को समाज के जन जन विशेषकर युवा पीढ़ी तक पहुंचने और विदेशी कार्यक्रमों का बहिष्कार करने के लिए आयोजित किया गया। स्वागत भाषण प्राचार्य जेपी घनघोरकर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष व पार्षद महेश वर्मा, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख डॉ. संदीप उपाध्याय, भाजयुमो प्रदेश प्रमुख आईटी अमित मिश्रा, समाजसेवी कन्हैया सोनी और शारदा गुप्ता सहित दिव्य अनुभूति विद्यालय प्रबंधन से शिक्षक शिक्षिकाओं में डामन सिंह साहू, अशोक यादव, माधुरी वर्मा, ममता पाण्डेय, अन्नपूर्णा मैडम, अनीता शर्मा, रोहिणी जंघेल, चित्ररेखा साहू, तिलेश्वरी साहू, गिरजा जंघेल, जागेश्वरी वर्मा, मंजुलता जंघेल, विद्या देवांगन उपस्थित रहे।





### वेलेंटाइन डे जैसी फूहड़ विदेशी दिनों का करें बहिष्कार

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सह प्रमुख आईटी अमित मिश्रा ने कहा कि हमारा देश भारत साधु संतों और वैदिक परंपराओं का आधार रहा है। हमारे माता पिता से बड़ा हितैषी व शुभचिंतक हमारा कोई नहीं होता। भगवान राम ने जिस प्रकार से माता कैकई के आदेश पर बिना कोई प्रश्न किए चौदह वर्ष का वनवास को प्रसाद समझकर आदेश को शिरोधार्य किया, उसी प्रकार से श्रवण कुमार जिन्होंने अपने वृद्ध माता पिता को दोनों कंधों पर टोकरे में बिठाकर तीर्थों का दर्शन कराएं। भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने कहा कि वेलेंटाइन डे जैसी फूहड़ विदेशी त्योहारों का बहिष्कार कर समाज को सनातन का संदेश देना चाहिए। एक आकर्षण मात्र को प्रेम का नाम देकर चारित्रिक दोष समाज में फैलाने वाले लोगों को चिन्हित करने की आवश्यकता है। शाला के प्राचार्य जेपी घनघोरकर ने कहा कि हमें माता पिता के आदेश को मानकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। शिक्षा संस्कारों की जननी है आप सब छात्र छात्राओं से आग्रह है उचित शिक्षा ग्रहण कर समाज में आप सब बदलाव ला सकते हैं।

### हमारी परंपरा पूर्वजों से सीखने की, जीवन में उसे धारण करें

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा ने कन्हैया सोनी ने कहा कि हमारी परंपरा पूर्वजों से सीखने की है, उनसे हम संस्कारों को सीखकर स्वयं के जीवन में उतारकर समाज को बेहतर बनाने का संकल्प ले। हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख डॉ. संदीप उपाध्याय ने कहा कि हमारे देश की मिट्टी की यह विशेषता है कि विदेशी भी भारत की संस्कृति को अपना रहे हैं। हम काशी, वृंदावन या तीर्थ स्थानों पर देख सकते हैं कि विदेशी सैलानी भारतीय परिधानों में नजर आते हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है। लेकिन इसके विपरीत हमारे देश के लोगों पर विदेशी सभ्यता की छाप हो चली है, वेलेंटाइन डे नाम पर हम क्यों ऐसे विचारों को बढ़ावा दें। युवा पीढ़ी को विचार करने की आवश्यकता है, समाज के प्रबुद्धजन और वरिष्ठ इस जागरूकता के अग्रणी बने तभी सुधार संभव है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की महिला क्रिकेटरों ने चंडीगढ़ को हराया




**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 06 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच मंगलवार को बडौदरा में चंडीगढ टीम के विरुद्ध खेला गया। मैच में छत्तीसगढ़ को लगातार तीसरी जीत हासिल हुई। जिसमें चंडीगढ को 20 रनों से हराया। चंडीगढ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 182 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से शिल्पा साहु ने 52 रन तथा सृष्टि शर्मा ने 50 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त प्रीति यादव ने 26 रन तथा अदिती पंवार ने 22 नाबाद रन बनाये। चंडीगढ टीम की ओर से तरुणिका ने 5 विकेट प्राप्त किए। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ की टीम 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 162 रन ही बना सकी। चंडीगढ की ओर से तानिया भाटिया ने 70 रनों की पारी खेली तथा मोनिका बिश्नोई ने नाबाद 36 रनों की पारी खेली। उनके अतिरिक्त मोनिका पांडे ने 18 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाज श्रेया श्रीवास ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट प्राप्त किये। प्रीती यादव, उर्मिला हरीना तथा अदिती पंवार ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 20 रनों से जीत लिया।

### सीएससीएस के मुकाबले जारी



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे राउंड के पहले दिन रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम बीएसपी के विरुद्ध रायगढ़ टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 125 रन पर आउट हो गई। गेंदबाजी में बीएसपी के भविष्य थपियाल ने तीन विकेट, पियूष पिल्ले एवं जीवेश बुट्टे ने दो-दो विकेट, सौरभ खैरवार एवं कार्तिक नायडू ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में बीएसपी ने पहली पारी में दो विकेट पर 257 रन बनाए। संगीत सोनी ने नॉट आउट 130 रन , नितांत सिंह ने नॉट आउट 78 रन और शुभम मौर्य ने 40 रन बनाए। आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में टीम दुर्ग ने कवर्धा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 302 रन बनाए और आउट हो गई। आकाश सिंह ने 124 रन, हिमांशु साहू ने 50 रन और मोहम्मद आफताब उल हक ने 49 रन बनाए। दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में टीम जशपुर के विरुद्ध राजनांदगांव ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में नौ विकेट पर 320 रन बनाए। दल्ली राजहरा में हुए मैच में धमतरी ने दंतेवाड़ा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 219 रन बनाए और आउट हो गई। बल्लेबाजी करते हुए दंतेवाड़ा टीम पहली पारी में 72 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में धमतरी ने दूसरी पारी दो विकेट पर 59 रन बनाए। धमतरी में टीम कोरबा ने कांकेर के विरुद्ध पहली पारी 187 रन बनाए और आउट हो गई। बल्लेबाजी में कांकेर ने पहली पारी में तीन विकेट पर 116 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम बस्तर ने महासमुंद के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 8 विकेट पर 425 रन बनाए।

## इन लक्षणों का मतलब आपका लिवर हो रहा है डैमेज

# हमारा कोई अंग प्रभावित हो रहा हो तो शरीर कर देता है इशारे, त्वचा के बदलावों को बिल्कुल न करें अनदेखा

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पाचन का ठीक रहना जरूरी है और पाचन ठीक रहे इसके लिए आवश्यक है कि आपका लिवर ठीक तरीके से काम करते रहे। लिवर में होने वाली किसी भी तरह की समस्या का शरीर पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है।

लिवर, रक्त से विषाक्त पदार्थों को निकालता है, रक्त शर्करा के स्तर को ठीक बनाए रखता है और रक्त के थक्के को नियंत्रित करता है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण लिवर से संबंधित बीमरियों का खतरा अधिक हो सकता है।

लिवर में होने वाली समस्याओं पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इससे लिवर डैमेज होने का भी खतरा हो सकता है। लिवर में होने वाली गंभीर समस्याएं जानलेवा भी हो सकती हैं इसलिए जरूरी है कि शरीर के इस महत्वपूर्ण अंग का विशेष रूप से ख्याल रखा जाए।

### लिवर डैमेज का खतरा

लिवर की कई बीमारियों में शुरुआती स्थिति में कोई भी लक्षण नजर नहीं आते हैं, लिवर डैमेज की स्थिति के साथ भी ऐसा ही है। लिवर डैमेज या सिरोसिस की समस्या जानलेवा हो सकती है, इसलिए इसके कुछ संकेतों को



पहचानना जरूरी है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर की ज्यादातर बीमारियों के लिए अल्कोहल का सेवन करना प्रमुख कारक माना जाता रहा है, पर जो लोग शराब नहीं भी पीते हैं उनमें भी लिवर की क्षति का खतरा हो सकता है। पीलिया, त्वचा में खुजली और अंगों में सूजन जैसे लक्षण इस बात के संकेत हैं कि आपका लिवर ठीक नहीं है या इसमें कोई बीमारी हो सकती है।

### इन लक्षणों पर दें ध्यान

लिवर का प्रमुख कार्य विषाक्त पदार्थों का ब्रेक डाउन करना होता है। लिवर में होने वाली किसी भी प्रकार की बीमारी या लिवर डैमेज की स्थिति में शरीर में विषाक्त पदार्थों के बढ़ने का खतरा हो सकता है। इस तरह की स्थिति में आपको थकान, अस्पष्टीकृत रूप से वजन घटने, भूख में कमी होने और अक्सर उल्टी महसूस होते रहने की समस्या हो सकती है। डॉक्टर से मिलकर लिवर की जांच के माध्यम से इस अंग में होने वाली किसी भी तरह की समस्या का समय रहते पता लगाने में मदद मिल सकती है।

### त्वचा से संबंधित दिक्कतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर की बीमारियों में त्वचा से संबंधित समस्याओं के विकसित होने का खतरा देखा जाता है। लिवर में समस्या के कारण बिलीरुबिन की मात्रा बढ़ जाती है जिसके कारण आपको पीलिया होने का खतरा हो सकता है। बार-बार पीलिया होते रहना इस बात का संकेत है कि लिवर ठीक से काम नहीं कर रहा है।

इसके अलावा लिवर में होने वाली समस्या के कारण रक्तप्रवाह से विषाक्त पदार्थों की मात्रा बढ़ने लगती है जिसके परिणामस्वरूप थकान, सिरदर्द और त्वचा संबंधी समस्याएं होती हैं।

### शरीर में बढ़ सकती है सूजन की दिक्कत

लिवर में होने वाली बीमारियों का एक प्रमुख संकेत मूत्र में होने वाली समस्या भी है। आपको पेशाब के रंग में गाढ़ापन या अधिक पीलापन महसूस हो सकता है। लिवर की समस्या के कारण फ्ल्यूड रिटेंशन की भी दिक्कत हो सकती है, जो शरीर के कई अंगों में सूजन की दिक्कत बढ़ाने वाली मानी जाती है, विशेषकर पैरों और टखनों में सूजन की समस्या संकेत है कि लिवर में किसी प्रकार की दिक्कत हो सकती है। इन स्थितियों पर गंभीरता से ध्यान देना आवश्यक हो जाता है।





## छत्तीसगढ़ चेस मास्टर ट्रॉफी के सालिक नवाज बने विजेता

**रायपुर।** स्व नंदलाल यादव स्मृति 5 वीं छत्तीसगढ़ चेस मास्टर ट्रॉफी शतरंज स्पर्धा का आयोजन चेस शाला व कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल टेकारी रायपुर में किया गया।

स्पर्धा का उद्घाटन कोलंबिया ग्लोबल स्कूल रायपुर के डायरेक्टर रविंदर सिंह ने किया। इस अवसर पर बतौर अतिथि प्राचार्य इवान स्मिथ, एम पावर के डायरेक्टर गोविंद मुदलियार व नम्रता अग्रवाल ने शिरकत की।

- अंडर - 9 में तुषार व अंडर -11 में भव्यम को मिला राज्य का खिताब

प्रतियोगिता के दरमियान खिलाड़ियों के हौसला अफजाई करने पहुंचे छत्तीसग़ढ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। विशेष अतिथि नवीन शुक्ला ने भी खिलडियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के हेमन्त खुटे थे। अध्यक्षता कोलंबिया ग्लोबल स्कूल की शीतल एस कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि अनूप अग्रवाल व बीजू पटनायक थे।

प्रतियोगिता के विजेताओं में सालिक नवाज 6.5अंक राजनांदगांव (11500+ट्रॉफी), लोकेश पांडे 6 अंक बिलासपुर (7100+ट्रॉफी), मयंक सोनारे 6 अंक दुर्ग (5500+ट्रॉफी),प्रकाश तिवारी 6अंक सरगुजा (4100रु), आनंद रॉय 6 अंक बलौदा बाजार (3500रु), शुभांकर बामलिया 6अंक रायपुर,(3100रु), संस्कार कश्यप 5.5 अंक ,मुंगेली (2500रु), निभीष प्रधान 5.5अंक रायपुर (2500रु), देवांश जैन 5 अंक रायपुर (2100रु), ईशान सैनी, 5 अंक रायपुर (2100रु),प्रभमन सिंह 5 अंक कोरबा (1100रु), रजनीकांत बख्शी 5 अंक राजनांदगांव (1100 रु), सतीश शर्मा 5 अंक रायपुर (1100रु),प्रणव अग्रवाल 5 अंक रायपुर (1100रु) यश सिंह 5अंक रायपुर (1100रु), इसके साथ ही महिला वर्ग का खिताब दुर्ग की हिमानी देवांगन ने अपने नाम किया। उपविजेता रायपुर की हितांशी मुदलियार रही।

महिला वर्ग में प्रथम हिमानी देवांगन 5अंक दुर्ग 2100रु+ट्रॉफी, द्वितीय हितांशी मुदलियार (रायपुर 4अंक 1500+ट्रॉफी), तृतीय राशि वरुड़कर (राजनांदगांव) चौथे व पांचवे स्थान पर क्रमशः काश्वी जैन और अद्विका पाण्डेय रहे। इस प्रकार ओपन वर्ग में बेस्ट रायपुर का खिताब अक्षत महोबिया ने तथा रायपुर की प्राची यादव ने बेस्ट रायपुर महिला वर्ग का खिताब जीता। अंडर-15 बालक बालिका में क्रमशः प्रांजल सिंह (दुर्ग) और इशिका मढ़के (दुर्ग) विजेता और शिल्प कुमार और चारवी मंडल (दुर्ग) उपविजेता रहे। इसके साथ ही वेटरन वर्ग में रथींद्र ठाकुर विजेता और विशेष श्रेणी में पराक्रम यादव विजेता बने। बेस्ट जोन में दीपांकर सेन (बेस्ट सरगुजा 1100+मोमेंटो),साहिल सागर (बेस्ट बस्तर जोन 1100+मोमेंटो), पलाश शर्मा (बेस्ट दुर्ग जोन ,1100+मोमेंटो), अनिल प्रधान (बेस्ट बिलासपुर जोन,1100+मोमेंटो), ओपन वर्ग के सभी विजेता व रैंकिंग में आए खिलाड़ियों को नकद राशि ट्रॉफी मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्कूल चैंपियनशिप में दिल्ली पब्लिक स्कूल रायपुर विजेता, राजकुमार कॉलेज उपविजेता और कोलंबिया ग्लोबल स्कूल रायपुर तीसरे स्थान पर रहे। बच्चों के लिए 2 अलग कैटेगरी निर्धारित थी। अंडर-11 में भव्यम झवर 6 अंकों के साथ विजेता बने। अंडर-9 में दुर्ग के तुषार यादव विजेता, अंडर-7 में आयांश फुलर, बिलासपुर और बालिका अंडर-7 में श्रेष्ठा भारद्वाज विजेता रहे।विजेताओं में अंडर-11 में भव्यम झंवर रायपुर,अर्णव गोयल रायपुर,विराट अय्यर दुर्ग, अरमान प्रतीक साहू रायपुर,सावी गौरी रायपुर,अनिका रेड्डी रायपुर,अंडर-9 में तुषार यादव दुर्ग,ह्दान मालवंकर जांजगीर,अरमान उभरानी,शिवांश देसाई,,आयाम मिश्रा,अनिका गुप्ता,अंडर-7 बालक अयांश फुलर,रहमी जेरेमाह,व्योम खरे,शान गुप्ता,बालिका श्रेष्ठा भारद्वाज,अविका पासीने,प्रिशा सैनी, श्रीनिका रेड्डी,यंगेस्ट प्लेयर,अयान लूथरा, अन्वी अग्रवाल साथ ही इसमें सभी नवोदित खिलाड़ियों को शानदार मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव व लेखक हेमंत खुटे को शतरंज में विगत तीन दशकों से दिए जा रहे अमूल्य योगदान हेतु चेस शाला व रायपुर के शतरंज खिलाड़ियों के अभिभावकों ने वुडन इंटरनेशनल चेस बोर्ड व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## छत्तीसगढ़ में शतरंज का हो रहा रणनीतिक विकास



**रायपुर।** भारत में शतरंज का विकास अब केंद्रीकृत व्यवस्था से आगे बढ़कर विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर अग्रसर है, जहाँ राज्य शतरंज संघ राष्ट्रीय सफलता की मजबूत नींव बन रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ ने एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है। यह परिवर्तन अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ (सीजीएससीए) के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया की दक्षता का परिणाम है।


मार्च 2024 में संपन्न एआईसीएफ चुनावों के पश्चात, अध्यक्ष नितिन नारंग एवं सचिव देव ए. पटेल के नेतृत्व में प्रारंभ हुए नए प्रशासनिक युग में, सिंघानिया ने छत्तीसगढ़ में शतरंज विकास के लिए पाँच प्रमुख स्तंभों पर आधारित एक सुस्पष्ट कार्ययोजना लागू की। जिसमें फिडे-रेटेड चयन प्रणाली, रेटेड खिलाड़ियों की सतत वृद्धि, ग्रैंडमास्टर स्तर की कोचिंग और आर्बिटर क्षमता में 200 फीसदी से अधिक विस्तार तथा सीनियर नेशनल आर्बिटर सेमिनारों का आयोजन शामिल है। इसी क्रम में "चेस इन स्कूल्स" परियोजना को सिंघानिया के प्रयासों से राज्य शासन का सहयोग प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रतिबद्धता से आदिवासी एवं ग्रामीण अंचलों तक शतरंज की पहुँच सुनिश्चित हुई।

इसी कड़ी में 11 से 17 सितंबर 2025 तक रायपुर में आयोजित ग्रैंडमास्टर कोचिंग कैंप, एआईसीएफ ट्रेनर्स कमीशन के सदस्य ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से के नेतृत्व में संपन्न हुआ। राज्यभर से चयनित 20 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को फिडे इंस्ट्रक्टर एवं कैंडिडेट मास्टर रवि कुमार तथा इंटरनेशनल मास्टर अनुप देशमुख का मार्गदर्शन भी खिलाड़ियों को प्राप्त हुआ।

रॉकी देवांगन, हर्ष शर्मा एवं शुभम बसोने की उपलब्धियों ने छत्तीसगढ़ शतरंज को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। छत्तीसगढ़ शतरंज के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक वर्ष रहा, जब एक ही वित्तीय वर्ष में इंटरनेशनल आर्बिटर्स की संख्या में 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। पूर्व में राज्य में केवल तीन इंटरनेशनल आर्बिटर्स—अलंकार भिवगड़े, पी.एन. राव एवं अनीस अंसारी—कार्यरत थे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में तीन नए अधिकारियों रॉकी देवांगन, एएफएम हर्ष शर्मा एवं एआईएम शुभम बसोने ने इंटरनेशनल आर्बिटर की उपाधि प्राप्त की।

## एशिया लीजेंड कप में भारत बना पहला चैंपियन, रायपुर के कलीम खान को मैन ऑफ द सीरीज

**रायपुर।** थाईलैंड में पहली बार आयोजित एशिया लीजेंड कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया और पहली एशिया लीजेंड चैंपियन टीम बनने का गौरव हासिल किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारत ने वेटरन क्रिकेट में एक नई मिसाल कायम की। इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के कलीम खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार अपने नाम किया। उनके ऑलराउंड खेल ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। बीवीसीआई (बोर्ड फॉर वेटरन क्रिकेट इन इंडिया) द्वारा पहली बार आयोजित किए गए इस प्रतिष्ठित एशिया लीजेंड कप के लिए तरुणेश परिहार को प्रतियोगिता का सीईओ नियुक्त किया गया। बीवीसीआई बोर्ड ने उनकी युवा सोच, नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक कौशल को देखते हुए इस बड़े अंतर्राष्ट्रीय आयोजन की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी और उन पर पूर्ण विश्वास जताया।



### खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने सराहा

तरुणेश परिहार के कुशल नेतृत्व और प्रभावी प्रबंधन में एशिया लीजेंड कप पूरी तरह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसे खिलाड़ियों, अधिकारियों और खेल प्रेमियों से व्यापक सराहना मिली। यह टूर्नामेंट वेटरन क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। बीवीसीआई बोर्ड के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी के मजबूत इरादों, दूरदर्शी सोच और सशक्त नेतृत्व के कारण ही एशिया लीजेंड कप जैसा बड़ा आयोजन संभव हो सका। उनके मार्गदर्शन और विश्वास ने हमें इस टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक पूरा करने की प्रेरणा दी।"एशिया लीजेंड कप की यह सफलता बीवीसीआई के लिए एक मजबूत शुरुआत मानी जा रही है और भविष्य में और भी बड़े अंतर्राष्ट्रीय वेटरन क्रिकेट आयोजनों का मार्ग प्रशस्त करती है।

### बार-बार तवे पर टूट जाता है चीला, तो बनाते वक्त इन टिप्स को करें फॉलो

चावल आटे का चीला अक्सर सर्दियों के मौसम में बनाया जाता है। सर्दियों के दिन में जब नए चावल आते हैं, तो उसे पीसकर घरों में चावल आटे का चीला समेत कई तरह की रेसिपीज बनाई जाती है। वैसे तो लोग कभी भी चावल आटे का चीला बनाते हैं, लेकिन ज्यादातर लोग इसे नाश्ता या शाम के वक्त चाय के साथ खाना पसंद करते हैं। देखा जाए तो चावल आटे की चीला बनाना तो आसान है, लेकिन अगर इसके घोल में जरा सी गड़बड़ी हुई कि यह तवे में अच्छे से बनने के बजाए टूटने लगता है। चावल का चीला यदि ठीक से नहीं बनता है, तो बनाने में आलस आने लगता है। ऐसे में यदि आपको चावल आटे का चीला पसंद है और बनाने में परेशानी होती है, तो आज हम आपको मम्मी के बताए हुए कुछ टिप्स बताएंगे। इन टिप्स की मदद से आप आसानी से चीला बना पाएंगे।

**ठंडे पानी से बैटर न बनाएं :** चावल आटे का चीला जब भी बनाएं घोल में ठंडे पानी का उपयोग न करें। हमेशा गर्म पानी से ही घोल तैयार करें। गर्म पानी से तैयार घोल से चीला टूटता नहीं है। आटा में पहले गर्म पानी डालें और मिक्स करने के बाद सब्जी डालें।

कार्नर न्यूज

## जिम कल्चर से दूर भागने वालों को भी जरूरत पड़ती है कैलोरी बर्न करने की

# आप दिनभर में बर्न कर सकते हैं 1000 कैलोरी, कुछ आसान तरीके अपनाकर इस बना सकते हैं संभव

जिम में पैर रखे बिना आप प्रतिदिन 1000 कैलोरी कम बर्न कर सकते हैं और अपने शरीर को बदल सकते हैं। ये सब करने में आपको पसीना जरूर आएगा, लेकिन आपको ये एहसास भी नहीं होगा कि आप कितनी मेहनत कर रहे हैं।

### एक घंटा 20 मिनट माउंटेन बाइकिंग


माउंटेन बाइकिंग आपकी मांसपेशियों को आपके ग्लूट्स, क्वाड्स, कोर और बैक को जितना संभव हो उतना कठिन काम करने के लिए पुश करती है और वो भी जिम में की जाने वाली एक्सरसाइज की तरह।

### एक घंटे लंबी पैदल यात्रा

किसी भी जिम वर्कआउट की तुलना में हाइकिंग आपके निचले शरीर पर बेहतर काम करती है। निरंतर झुकाव, असमान कदम और आपके वजन के बैकपैक का संयोजन कैलोरी का एक बड़ा हिस्सा बर्न करने में मदद करता है और आपके कार्डियोवैस्कुलर हैल्थ में सुधार करता है।

### एक घंटा रॉक क्लाइंबिंग

रॉक क्लाइम्बिंग आपके शरीर की हर एक मसल्स को एक्टिव करती है और



इसके परिणामस्वरूप जबरदस्त कैलोरी बर्न होती है। इसके साथ ही आपको मसल्स बिल्डिंग के लाभ भी मिलते हैं। चूंकि एक्टिविटी के लिए आपको अपनी ग्रिप पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है, जिससे आपकी रोइंग या पुलिंग परफॉरमेंस में भी सुधार आता है।

### एक घंटा 25 मिनट फुटबॉल

फुटबॉल माइंड और स्पीड का खेल है। ये खेल जबरदस्त एनर्जी की मांग करता है, जिससे कैलोरी बर्न होती है और जिम में किसी भी उपकरण की तुलना में तेजी से मसल्ड बिल्ड करता हैं।

### एक घंटा 30 मिनट बास्केटबॉल

बास्केटबॉल के खेल में शामिल होने वाला रनिंग आपके स्वास्थ्य के लिए चमत्कार कर सकती है। इससे न सिर्फ आपकी मसल्ड बिल्ड होती है, बल्कि ये खेल आपके दिमाग और शरीर के समन्वय में भी सुधार करता है।

### एक घंटा 15 मिनट हॉकी

हॉकी खिलाड़ियों के शरीर क्रिकेटरों की तुलना में अधिक बेहतर होते हैं। क्यों? हॉकी का खेल बहुत अधिक बैठने की मांग करता है और आप अन्य खेलों की तरह दौड़ नहीं रहे होते हैं। आप बस बॉल को धकेल रहे हैं। यह आपके ग्लूट, क्वाड और हैमस्ट्रिंग को एक्टिव करता है।

### तीन घंटे गोल्फ

अगर आपके पास ऐसा समय है, तो क्यों न अमीरों का खेल खेलें। गोल्फ अन्य खेलों की तरह फिजिकल एक्टिविटी की मांग नही करता। अपने गोल्फ कार्ट के बिना 18 होल्स चलना लगभग 5.6 किमी की यात्रा के बराबर है। 65 से 75 स्ट्रोक के एवरेज राउंड में लगभग चार घंटे लगते हैं, जो आपकी 1,000 कैलोरी बर्न करने के लिए पर्याप्त हैं।

### एक घंटा 35 मिनट तैराकी

मध्यम गति से तैरने से आपको कुछ सीरियस कैलोरी बर्न करने में मदद मिल सकती है। आपके द्वारा जलाए जाने वाली कैलारी की मात्रा आपके साइज, उम्र और बॉडी टाइप से जुड़ी होती है। कुछ ज्यादा कैलोरी बर्न करने के लिए बैकस्ट्रोक की तुलना में फ्रीस्टाइल और बटरफ्लाई आजमाएं।

### दो घंटे 30 मिनट डांस


अगर आपकी खेलों में रुचि नहीं है तो डांस कीजिए। एक नाइट क्लब में डांस करते हुए पसीने से तरबतर हो जाना (लेकिन हाई कैलोरी, एल्कोहलिक पेय पदार्थों को नहीं पीना है) आपकी कैलोरी बर्न करने में मददगार हो सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लियोनार्डो के साथ 'स्पाइडर मैन'ने पार्टी में मचाया धमाल



रविवार रात सांता क्लारा के लेवीज स्टेडियम में सुपर बाउल एलएक्स हाफटाइम शो हुआ। शो में ग्रैमी अवॉर्ड विजेता बैड बनी ने पूरा माहौल बदल कर रख दिया। इस शाम हॉलीवुड के कई कलाकार शो का मजा लेने पहुंचे। बैड बनी ने सुपर बाउल में इतिहास रच दिया। वह सुपर बाउल के हाफटाइम शो में पहले स्पैनिश भाषा में गाने वाले लैटिन सोलो आर्टिस्ट बने। सुपर बाउल वीकेंड पर हॉलीवुड का पूरा ग्लैमर देखने को मिला। मशहूर सितारे लियोनार्डो डिकैप्रियो, टोबी मैग्वायर, सुपर मॉडल केंडल जेनर और सिंगर लेडी गागा जैसे कलाकार शामिल हुए।

लियोनार्डो डिकैप्रियो और टोबी मैग्वायर को सुपर बाउल पार्टी में जमकर एंजॉय करते देखा गया। यह पार्टी रेजिंग केन्स ने होस्ट की थी, जहां दोनों पुराने दोस्त फुल मस्ती के मूड में नजर आए। पार्टी में रैपर आइस क्यूब की लाइव परफॉर्मेंस चल रही थी। इसी दौरान लियोनार्डो और टोबी डांस फ्लोर पर थिरकते दिखे। इसी बीच सुपर मॉडल केंडल जेनर भी सुपर बाउल में नजर आईं। वह लेवीज स्टेडियम, सांता क्लारा पहुंचीं, ठीक कुछ घंटे पहले जब उनके एक्स-बॉयफ्रेंड बैड बनी हाफटाइम शो में परफॉर्म करने वाले थे। केंडल के पहुंचते ही सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरु हो गईं। शो में सरप्राइज एलिमेंट भी देखने को मिला। लेडी गागा ने बैड बनी के साथ एक इंग्लिश लैंग्वेज परफॉर्मेंस दी, जो दर्शकों को खूब पसंद आई। कुल मिलाकर, बैड बनी का यह हाफटाइम शो सिर्फ एक म्यूजिकल परफॉर्मेंस नहीं था, बल्कि लैटिन कल्चर, भाषा और गर्व का एक मजबूत संदेश भी लेकर आया, जिसने सुपर बाउल के स्टेज को इतिहास का गवाह बना दिया।

### टॉलीवुड

## प्रकाश राज बोले- व्हाट्सएप फैक्ट्रियां कहानी बना रहीं, 'स्पिरिट' से बाहर होने की



संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'स्पिरिट' शुरू से चर्चा में है। पहले इस फिल्म में दीपिका पादुकोण लीड रोल अदा कर रही थीं। मगर, कुछ मतभेदों के चलते स्टाराकास्ट में बदलाव हुए और दीपिका की जगह तृप्ति डिमरी फिल्म का हिस्सा बनीं। प्रभास इस फिल्म में लीड रोल कर रहे हैं। बीते रविवार ऐसी खबरें सामने आईं कि दीपिका के बाद अब प्रकाश राज भी 'स्पिरिट' से हट गए हैं। इस किस्म की खबरों पर प्रकाश राज ने चुप्पी तोड़ी है।

फिल्म 'स्पिरिट' से अपने बाहर होने की अफवाहों को बढ़ता देख प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से आज सोमवार को एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें लोगों से अफवाहें न फैलाने की बात कही है। एक्टर ने लिखा है, 'सभी टॉक्सिक फर्जी खबरें फैलाने वालों को 'स्पिरिट' फिल्म के बारे में बताना चाहता हूं। हमने अभी तक मेरे सीन्स की शूटिंग शुरू भी नहीं की है और व्हाट्सएप फैक्ट्रियां कहानियां बना रही हैं। थोड़ी समझदारी दिखाओ। अपनी जिंदगी जियो'।

बता दें कि ऐसी अफवाहें चल रही थीं कि प्रकाश राज और फिल्म 'स्पिरिट' के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के बीच कुछ क्रिएटिव मतभेद हो गए हैं। इसके बाद प्रकाश राज ने फिल्म से हाथ खींच लिए हैं और उनकी जगह कोई दूसरा कलाकार खोजा जा रहा है। मगर, इस किस्म की अफवाहों को प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खारिज कर दिया है। साथ ही साफ कर दिया कि वे फिल्म का हिस्सा हैं।

बता दें कि पहली जनवरी को फिल्म 'स्पिरिट' का पोस्टर जारी किया गया था। इसमें प्रभास और तृप्ति डिमरी नजर आए। फिल्म में विवेक ओबेरॉय भी अहम भूमिका में हैं।

### बॉलीवुड

## सीएमओ डॉ. अम्बेडकर की भूमिका में तो 'रमाई'का किरदार निभा रही पूर्व मिस यूनिवर्स



स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड-सेल में भिलाई स्टील प्लांट के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में पदस्थ सीएमओ डाक्टर उदय को दर्शक इन दिनों संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की भूमिका में खूब पसंद कर रहे हैं। बॉलीवुड मूवी 'रमाई' में डॉ. उदय ने यह भूमिका निभाई है। वहीं उनकी पत्नी और पूर्व मिसेज यूनिवर्स प्रेरणा धाबर्डे इस फिल्म की केंद्रीय भूमिका में है। देशभर में मूवी रिलीज हो चुकी है। शहर के कई सिनेमा हॉल में शो चल रहे हैं। इसे देखने के लिए जन प्रतिनिधियों के साथ लोग पहुंच रहे हैं। पूर्व विधायक अरुण वोरा, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल और विधायक रिकेश सेन ने भी फिल्म देखने के बाद धाबर्डे दंपति के अभिनय की तारीफ की है। डॉक्टर उदय ने इस फिल्म के बारे में बताया कि-बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विश्व व्यापी छवि के पीछे उनकी पत्नी रमाबाई अंबेडकर का भी हाथ है। सब श्रद्धा और प्यार से उन्हें रमाई कहते हैं, उनका बहुत बड़ा योगदान था। रमाई हिंदी फिल्म में हर स्त्री की त्याग, संघर्ष, बलिदान की कहानी दिखाने की कोशिश की है, जो परदे के पीछे रहकर अपने पति, परिवार समाज और देश के लिए करती है। इस फिल्म की प्रोड्यूसर कृष्ण चौहान है। फिल्म को प्रेजेंट प्रेरणा यूनिवर्सल फिल्म ने किया है। शूटिंग भिलाई और मुंबई में हुई है और अधिकांश कलाकार छत्तीसगढ़ के हैं। फिल्म में शाहू महाराज बड़ौदा नरेश के भूमिका प्रसिद्ध कलाकार रजा मुराद ने निभाई है, जिनके शानदार अभिनय और बुलंद आवाज के सभी दीवाने हैं।

लाइफ स्टाइल



## तलाश टिकाऊपन की

साल 2026 भारतीय फैशन और टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए एक अहम दौर है। टेक्नोलॉजी में तरक्की, कंज्यूमर की बदलती पसंद और टिकाऊ कपड़ों की बढ़ती ज़रूरत के साथ, यह सेक्टर नए रास्ते तलाश रहा है। बदलते ट्रेंड्स भारतीय फैशन इंडस्ट्री को आकार दे रहे हैं। जिससे अंदाज़ा लगा सकते हैं कि आने वाले समय में देश का फैशन कैसा होगा। आज टिकाऊपन सिर्फ़ एक चर्चा का विषय नहीं रहा, बल्कि फ़ैशन इंडस्ट्री का एक ज़रूरी हिस्सा बन गया है। ब्रांड ऑर्गेनिक कॉटन, बायो-इंजीनियर्ड फ़ैब्रिक और लैब में बने लेदर से जुड़ी टेक्नोलॉजी ज़्यादा आसानी से उपलब्ध हो गई हैं, जिससे मटेरियल सोर्सिंग में क्रांति आ गई है।

## सन टैन को दूर करने के लिए खीरे का जरूर करें इस्तेमाल



सन टैन एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया ही है। जब किसी को सन टैन की समस्या होती है जो इससे स्किन में जलन, इरिटेशन व दर्द की समस्या हो सकती है। यूं तो सन टैन की समस्या को दूर करने के लिए मार्केट में कई तरह की क्रीम्स मिलती हैं, लेकिन अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीके से भी अपनी स्किन को राहत पहुंचा सकती हैं।

इसमें खीरा आपके काफी काम आ सकता है। यूं तो खीरे का उपयोग टैनिंग को दूर करने के लिए नहीं किया जाता है, लेकिन खीरे के सूदिंग और हाइड्रेटिंग गुण यकीनन आपके लिए मददगार हो सकते हैं। खीरे का उपयोग धूप के कारण होने वाली जलन की परेशानी को कम करने और अत्यधिक धूप के प्रभाव को कम करने के लिए किया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको सन टैन को दूर करने के लिए खीरे का इस्तेमाल करने के कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

### खीरे और गुलाब जल का करें इस्तेमाल

सन टैन होने पर स्किन को ठंडक की काफी जरूरत होती है। ऐसे में खीरे और गुलाब जल को मिक्स करके इस्तेमाल करना अच्छा विचार है। सन टैन को रिमूव करने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें और उसका रस निकाल लें। अब एक चम्मच गुलाब जल (घर पर कैसे बनाएं गुलाब जल) और खीरे का रस डालकर मिक्स करें। अब आप कॉटन बॉल की मदद से इसे स्किन पर लगाएं। थोड़ी देर तक इसे ऐसे ही रहने दें और फिर उसे ठंडे पानी से धो लें। इससे यकीनन आपको काफी अच्छा लगेगा।

### खीरे और नींबू के रस का करें इस्तेमाल

खीरे के साथ नींबू के रस का इस्तेमाल करने से भी सन टैन को दूर किया जा सकता है। नींबू में मौजूद विटामिन एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। साथ ही, इसमें मौजूद एसिड स्किन से सन टैन को हटाता है।

सबसे पहले आप खीरे को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें। अब इसमें थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ें और फिर उसे मिक्स करें। अब आप एक कॉटन बॉल की मदद से इसे स्किन पर लगाएं। कुछ देर तक ऐसे ही छोड़ दें और फिर स्किन को साफ करें। अगर आपकी स्किन संसेटिव है तो ऐसे में आप नींबू के रस की जगह टमाटर के रस का इस्तेमाल करें।

## साड़ी के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से स्टाइल कीजिए



साड़ी फैशन आजकल चलन में है और साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहना जाता है। आए दिन फैशन ट्रेंड तेजी के साथ बदल रहा है और कुछ नया मार्केट में देखने को नजर आ रहा है। ऐसे में साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है और इसे तरह-तरह से स्टाइल किया जाता है। सेलेब्रिटी लुक की बात करें तो आजकल एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के साड़ी डिजाइंस आजकल काफी चलन में है। तो चलिए देखते हैं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के कुछ स्टाइलिश ब्लाउज डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से पहनकर अपने साड़ी लुक को खास बना सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।





### टर्टल नेक ब्लाउज

अगर आप बंद गले के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के गले से लगे हुए टर्टल नेक ब्लाउज डिजाइन को आप पहन सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप स्लीवलेस बाजू बनवाएं। साथ ही आप ज्वेलरी को स्किप भी कर सकती हैं।

### ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह का ब्रालेट डिजाइन का ब्लाउज आपके लुक को आकर्षक बनाने में मदद करेगा। इस तरीके के हैवी वर्क वाले ब्लाउज आपको मार्केट में रेडीमेड भी आसानी से मिल जाएंगे। ऐसा पर्ल या बीड्स डिजाइन खासकर पेस्टल कलर की साड़ी के साथ खूबसूरत नजर आता है।

### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल डिजाइन वाले नेक लाइन पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के गोल गले वाले ब्लाउज आपके लुक को खास बनाने में मदद करेंगे। इस तरीके की नेक लाइन आप सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करें।

## प्याज का रस बालों में लगाने से पहले इन बातों का रखें ख्याल



जब बालों की केयर की बात होती है, तो प्याज का रस बेहद कमाल काम करता है। दरअसल इसमें ऐसे कंपाउंड होते हैं, जो बैक्टीरिया और फंगस से लड़कर आपके बालों को हेल्दी बनाते हैं। इसमें मौजूद सल्फर बालों को टूटने और पतला होने से बचाता है। साथ ही साथ, इसके एंटीऑक्सीडेंट बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकने में मदद कर सकता है।

जब इसका इस्तेमाल बालों में किया जाता है तो बालों को पोषण देने और उसे झड़ने से रोकने में मदद मिलती है। यह सच है कि प्याज का रस बालों के लिए लाभदायक है। लेकिन इसे इस्तेमाल करते समय आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ बातों के बारे में बता रहे हैं-

### जरूर करें डायलूट

प्याज का रस बालों व स्कैल्प के लिए बेहद ही लाभकारी है। लेकिन इसे सही तरह से इस्तेमाल करना जरूरी होता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप इसे डायलूट करके ही अपने बालों में इस्तेमाल करें। आाप एक भाग प्याज का रस (प्याज के रस से बालों की ग्रोथ कैसे करें) और दो से तीन भाग तेल डालकर मिक्स करें। इसके बाद ही आप प्याज का रस बालों में लगाएं। आप प्याज के रस में नारियल तेल या जैतून तेल मिक्स कर सकते हैं।

### करें पैच टेस्ट

अगर आप पहली बार प्याज का रस अपनी स्कैल्प पर लगा रही हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप एक बार पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको किसी भी तरह के एलर्जिक रिएक्शन और स्किन संसेटिविटी के बारे में पता चलेगा।

## बूट्स है फैशन की डिमांड, जींस के साथ मैचिंग करना हो तो जान लें जरूरी टिप्स

बूट्स पहनना कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि मुझे बूट्स बहुत पसंद हैं। शायद आप भी यही बात कहें। बूट्स पहनने वाले पुरुषों का एक दमदार रूआब दिखता है। मगर ये बात आपके बूट्स पहनने के तरीके पर निर्भर करती है। अगर सही ढंग से नहीं पहने तो मजाक भी उड़ सकता है। इसलिए सामान्य जूतों की तुलना में बूट्स को कैरी करना थोड़ा पेचीदा है। लेकिन नामुमकिन नहीं। जिस तरह आप जूते पहनने की गलती को समझ गए हैं, वैसे ही अब बूट्स पहनने के नियम जान लें। ताकि आप किसी प्रकार की फैशन मिस्टेक न करें। इसके बाद आप भी बूट्स में धांसू नजर आ सकेंगे। बूट्स भी एक नहीं स्टाइल-डिजाइन और कलर के आधार पर कई प्रकार के होते हैं। यहां पर आपको कुछ कॉमन बूट्स के बारे में बता देता हूं- कॉमबेट बूट्स, लेस अप बूट्स, एंकल बूट्स, बाइकर बूट्स,चेल्सा बूट्स और टिंबरलैंड बूट्स कई बूट्स वजन के आधार पर भी निर्भर करते हैं। उनको आप वेट के आधार पर बांट सकते हैं। जैसे हैवी बूट्स और लो वेट बूट्स

### कब पहने बूट्स



जब मन किया और जिसके साथ मन किया, उसके साथ बूट्स को नहीं पहन सकते हैं। कभी भी बूट्स को फॉर्मल ड्रेस के साथ पहनने की गलती न करें। साथ ही एथनिक ड्रेस के साथ भी न पहनें। इसे फैशन मिस्टेक माना जाता है। इसलिए बाइकिंग यानी ट्रैवलिंग के दौरान बूट्स को पहनकर जा सकते हैं। इसके लिए बाइकर बूट्स सही माने जाते हैं।

### परफेक्ट साइज की पहने पैंट

बूट्स पहनने वालों को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए। बूट्स के साथ परफेक्ट साइज और लेंथ वाली पैंट ही पहनें। कभी भी बूट्स के साथ एंकल पैंट न पहनें और न ही बहुत लंबी पैंट पहननी चाहिए। ऐसी पैंट पहने, जो कि आपके बूट्स के ऊपरी हिस्से को कवर कर सके।

कार्नर न्यूज

मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते समय रहें सचेत


## मेकअप स्पॉन्ज का इस्तेमाल करें सावधानी से, क्लीन करते समय बचें छोटी-छोटी गलतियों से

मेकअप करते हुए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स व टूल्स का इस्तेमाल करते हैं और इनमें से एक है मेकअप स्पॉन्ज। यह एक ऐसा टूल है, जिसकी मदद से आप अपने मेकअप प्रोडक्ट्स को अपनी स्किन पर बेहतर तरीके से अप्लाई कर पाती हैं। इतना ही नहीं, यह आपके महंगे व ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को वेस्ट होने से भी रोकता है।

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मेकअप स्पॉन्ज आपकी मेकअप किट में होना बेहद जरूरी है। लेकिन आपको इसके हाइजीन को भी मेंटेन करना चाहिए। इस्तेमाल करने के बाद आपको इसे क्लीन अवश्य करना चाहिए। साथ ही, क्लीनिंग के दौरान आपको कुछ छोटी-छोटी गलतियों से बचना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी मेकअप स्पॉन्ज क्लीनिंग मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अवॉयड करना चाहिए-

### मेकअप स्पॉन्ज को पहले सोक ना करना

जब आप मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते हैं तो उसे पहले सोक करना जरूरी होता है। स्पॉन्ज को सोक करने से उस पर लगे मेकअप को लूज करने में मदद मिलती है और वह अधिक बेहतर तरीके से क्लीन होता है। हालांकि, कई बार हम मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करने से पहले उसे सोक नहीं करते हैं। जिससे वह उतना अच्छी तरह क्लीन नहीं हो पाते हैं।



### हार्श क्लींजर का इस्तेमाल करना

मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय क्लींजर की जरूरत पड़ती है। लेकिन आप किस तरह के क्लींजर (रूखी स्किन के लिए होममेड क्लींजर) का इस्तेमाल कर रहे हैं, इसका आपको ख्याल रखना चाहिए। कई बार हम हार्श साबुन या डिश डिटर्जेंट आदि का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसा करने से मेकअप स्पॉन्ज बहुत ही जल्दी खराब हो जाता है। इतना ही नहीं, इस तरह के हार्श क्लींजर आपकी स्किन को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके लिए किसी जेंटल और फ्रेगरेंस फ्री स्पॉन्ज क्लीनर से ही मेकअप स्पॉन्ज को साफ करें।

### बहुत गर्म पानी से धोना

ऐसा माना जाता है कि गर्म पानी से स्पॉन्ज को क्लीन करने से उसमें मौजूद बैक्टीरिया खत्म हो जाते हैं। लेकिन अगर आप इस चक्कर में बहुत अधिक गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं तो इससे स्पॉन्ज को नुकसान होता है। यहां तक कि इससे उसका टेक्सचर भी खराब हो सकता है। इसलिए, हमेशा ध्यान रखें कि आप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।

### जोर से रगड़-रगड़कर साफ करना

स्पॉन्ज काफी सॉफ्ट होता है और इसलिए जब इसे बहुत जोर से रब किया जाता है तो इससे स्पॉन्ज फट सकता है या फिर खराब हो सकता है।

